मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, शनिवार, 25 अप्रैल 2026
संवत 2083, वैशाख शुक्ल 8 मूल्य-3 रुपये
वर्ष-9, अंक 220, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ बिहार में संभावनाएं विकास की: अब सत्ता सम्राट की
मम्मा कहने पर भड़कीं श्रुति 06 ◂◂ 6

# जंगली हाथियों ने घर में सो रहे परिवार को कुचला, मां- बेटी की मौत

संवाददाता



**सरायकेला:** खरसावां जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां जंगली हाथियों के झुंड ने एक ही परिवार के दो सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया। यह घटना बीती रात ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सोड़ो पंचायत अंतर्गत हाड़ात गांव की है।

मिली जानकारी के अनुसार, हाथियों का झुंड देर रात गांव में दाखिल हुआ। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते हाथियों ने घरों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान एक मकान में मौजूद पांच लोग हाथियों की चपेट में आ गए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए, लेकिन हाथियों के उग्र तेवर देख कोई पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। घटना के संबंध में ईचागढ़ थाना प्रभारी बजरंग कुमार महतो ने बताया कि इस हमले में चाइना देवी और उसकी 13 वर्षीय बेटी अमिता बाला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, परिवार के दो अन्य सदस्य कमलचंद महतो के पिता मोहन महतो और मां सतुला देवी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना को लेकर ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति गहरा रोष है। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है और लोग अपनी सुरक्षा के लिए गुहार लगा रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सरकार से मृतकों के परिजनों के लिए उचित मुआवजे और क्षेत्र में हाथियों के प्रवेश को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर मे एक व्यक्ति की मौत, दो गंभीर



**पलामू:** जिले के पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ी गांव में नेशनल हाइवे पर हुए सड़क हादसे में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम के बेहद करीबी ईश्वरी पांडेय के बेटे आकाश पांडेय की मौत हो गई है। जबकि इस दुर्घटना में दो अन्य लोग जख्मी है। ईश्वरी पांडेय पलामू दिशा कमिटी के सदस्य भी है। थाना प्रभारी अंकित कुमार ने घटना की पुष्टि की है। दरअसल, आकाश पांडेय रेहला स्थित आदित्य बिरला केमिकल इंडिया लिमिटेड में नौकरी करते थे। शनिवार को वह अपने बुलेट से ड्यूटी पर जा रहे थे कि इसी क्रम में पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ी गांव में विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कोर्पियों ने उनके बुलेट को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में आकाश पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि स्कॉर्पियो सवार दो अन्य लोग जख्मी हो गए।

# बेटी की शादी का कार्ड बांटने निकले पिता की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

संवाददाता




**हजारीबाग:** जिले के बरकट्ठा प्रखंड के सक्रेज गांव के पास जीटी रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार शिक्षक चंद्रशेखर आजाद (52) की मौके पर ही मौत हो गई। वे प्राथमिक विद्यालय सोकी में पदस्थापित थे और वर्तमान में गौरिया करमा चौक स्थित एक भाड़े के मकान में रह रहे थे।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षक अपनी बेटी की शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए बाईक से घर से निकले थे। इसी दौरान सरिया लदे ट्रेलर ने उनकी बाइक (संख्या जे एस 02टी 9532) को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल से उनकी बाइक की डिक्की में रखे शादी के निमंत्रण कार्ड भी बरामद हुए, जिनमें 7 मई को शादी की तिथि अंकित थी।

पूरे क्षेत्र में शोक की लहर: इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवार में जहां शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहीं अब मातम का माहौल पसरा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेलर को जब्त कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली से रांची आ रही एयर इंडिया की विमान को किया गया स्थगित

**रांची:** शनिवार को दिल्ली से रांची आ रही एयर इंडिया की विमान को तकनीकी खराबी के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह फ्लाइट दोपहर 12:30 बजे टेक-ऑफ करनी वाली थी। लेकिन टेक ऑफ से ठीक पहले उसमें तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण फ्लाइट को ढाई घंटे के लिए विलंबित कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, विमान उड़ान भरने की तैयारी में था, तभी तकनीकी गड़बड़ी की आशंका हुई। एयरलाइन के तकनीकी कर्मचारियों ने बिना देर किए स्थिति को अपने कंट्रोल में लिया और एहतियात के तौर पर उड़ान को आगे बढ़ाने की अनुमति नहीं दी गई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी यात्रियों को विमान से नीचे उतारा गया। इस दौरान एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए यात्रियों के बीच चिंता का माहौल बन गया। तकनीकी समस्या की पुष्टि होने के बाद विमान को पूरी तरह खाली करा लिया गया और यात्रियों को वापस लाउंज में भेज दिया गया।इसके बाद इंजीनियरिंग टीम ने विमान की जांच शुरू की। सभी जरूरी सिस्टम की बारीकी से जांच की गई, ताकि किसी भी तरह की खामी को दूर किया जा सके और आगे कोई जोखिम न रहे। एयरलाइन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा उनके लिए सबसे अहम है और इसी वजह से किसी भी तरह का खतरा उठाने से बचा गया।

Jharkhand State Legal Services Authority, Ranchi
&
Dept. of Women, Child Development & Social Security, Govt. of Jharkhand
Organize
COLLOQUIUM ON
"CRIME AGAINST WOMEN"
(With Special emphasis on issue of Witch hunting in Jharkhand) & Role of Legal Services Institution in providing Relief and Rehabilitation to Victim of Crime
Chief Guest
HON'BLE MR. JUSTICE VIKRAM NATH
Judge, Supreme Court of India & Executive Chairman, NALSA
Guest of Honour
HON'BLE MR. JUSTICE AHSANUDDIN AMANULLAH
Judge, Supreme Court of India
Special Guests
HON'BLE MR. JUSTICE MAHESH SHARADCHANDRA SONAK
Chief Justice, High Court of Jharkhand-cum-Patron-in-Chief, JHALSA
HON'BLE MR. JUSTICE SUJIT NARAYAN PRASAD
Judge, High Court of Jharkhand & Executive Chairman, JHALSA
In the benign presence of
Hon'ble Judges of High Court of Jharkhand & Dignitaries
Date : 25th April, 2026
Venue : Dr. APJ Abdul Kalam Auditorium, Judicial Academy, Jharkhand, Ranchi
PR No. 378406 (Law) 25-26

न्यूज IN ब्रीफ

## सिल्ली में विहंगम योग सत्संग कल से

**मुरी:** आगामी 26 अप्रैल को सिल्ली शाखा विहंगम योग संत समाज द्वारा विहंगम योग सत्संग का ध्वाजारोहण एवं योग सत्संग का शुभारंभ किया जाएगा। जिसका स्थान राजाटोला राजेन्द्र साय के निवास पर है। सभी गुरु भाईयों से अनुरोध किया गया है कि सत्संग में आकर प्रवचनों का लाभ उठाएं। प्रसाद वितरण एवं भण्डारे की व्यवस्था की गयी है।

## मुरी पंचायत भवन में ग्राम सभा की बैठक



**मुरी:** पेसा कानून के तहत प्रशासनिक और वित्तीय व्ययस्था को मजबूती के उद्देश्य से मुरी पूर्वी पंचायत भवन में मुरी पूर्वी पंचायत के ग्रमीण के साथ ग्राम सभा की बैठक रखी गई हैं। जिसका उद्देश्य ग्राम सभा स्थान का चयन करना है साथ ही सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव करना है। जिसमें ग्राम प्रधान तुलसी मुंडा, उप मुखिया रेणु देवी, जितेन्द्र महतो, संतोष गोराई, संतोष मुंडा, धनंजय बावरी,संजय स्वर्णकार, जय महतो, लखी राम महतो, श्यामबरण प्रसाद, रणजीत मुंडा, संदीप मुंडा, मिहिर सेन,शकुंतला मुंडा, लक्ष्मी देवी, दिलीप मुंडा,जयंती देवी, शोभा देवी, आरती देवी, दीपाली देवी, परी मुंडा, सुशीला कुमारी, रूबी कुमारी,मंजिली कुमारी, रश्मी मुंडा, डुमनी देवी, दिनेश चौधरी, कमलू मुंडा, रामाकांत व अन्य मौजूद थे। सभी आए सदस्य के लिए ठंडा पानी और चना, गुड़ का व्यवस्था किया गया। इस बैठक में सहायक सचिव जितेंद्र महतो और कोषाध्यक्ष के लिए सुशीला कुमारी को हाथ खड़ा कर सर्वसम्मति से चुन लिया गया। साथ ही यूनियन बैक में खाता खोलने का निर्णय लिया गया। ग्राम सभा के लिए पंचायत भवन या फिर उर्दू स्कूल के लिए प्रस्ताव रखा गया। बैठक में हुए चुनाव के कागजात को ग्राम प्रधान द्वारा नोडल पदाधिकारी को फोन पर सूचना देकर प्रखंड के संबंधित स्टाफ को सौंप दिया गया।

## आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति ने नवपदस्थ अधिकारियों का किया स्वागत



**खूंटी:** झारखंड में भगवान भोलेनाथ की दूसरी प्रमुख धार्मिक नगरी मानी जाने वाली आम्रेश्वर धाम, खूंटी जिले का प्रसिद्ध दर्शनीय एवं पर्यटन स्थल है। गुरुवार को आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के सदस्यों ने महामंत्री मनोज कुमार के नेतृत्व में नवनियुक्त उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया एवं पुलिस उपाधीक्षक ऋषभ गर्ग से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया।
इस दौरान समिति के सदस्यों ने अधिकारियों को आम्रेश्वर धाम की धार्मिक महत्ता एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही धाम में दर्शन हेतु आने का आमंत्रण भी दिया गया। बैठक के दौरान समिति के पदाधिकारियों का परिचय भी अधिकारियों के समक्ष कराया गया। महामंत्री मनोज कुमार ने पूर्व सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मुण्डा से भी परिचय कराया। इसके अलावा, उन्होंने कर्रा स्थित एकलव्य विद्यालय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय में व्याप्त पेयजल संकट की समस्या को अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखा, जिस पर आवश्यक पहल की अपेक्षा जताई गई। मौके पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मांझी, उपाध्यक्ष जगदीश नाग, कोषाध्यक्ष संतोष पोद्दार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

खूंटी: जिले के रनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोंडरा में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां बिजली के करंट की चपेट में आने से 50 वर्षीय असफ गुड़िया की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, असफ गुड़िया शुक्रवार सुबह अपने घर से बकरी चराने के लिए निकले थे। गांव से कुछ दूरी पर वह बकरियां चरा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक पेड़ की डाल काटना शुरू किया। डाल काटते समय अचानक वह डाल पास से गुजर रहे 33,000 वोल्ट के हाई टेंशन बिजली तार के संपर्क में आ गया।डाल के तार से छूते ही तेज करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से असफ गुड़िया को जोरदार झटका लगा और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना दिन के लगभग 12 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही रनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बिजली तारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## मजदूर नेता देवेन्द्र सिंह की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**खलारी:** मजदूर नेता स्व देवेन्द्र सिंह की 13वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को खलारी स्टेशन के समीप बाबू देवेंद्र सिंह चौक पर मनाई गई। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता अशोक राम एवं संचालन तनवीर आलम ने किया,सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक किया गया उसके बाद सभी लोगों ने पगड़ी बाँधकर एवं फुलमाला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया, उपस्थित सभी लोगों ने बाबू देवेन्द्र सिंह को याद करते हुए कहा कि उनके जैसा मजदूर नेता खलारी पिपरवार कोयलांचल में ना पहले हुआ और ना भविष्य में होगा। उनके बताए गए मार्ग पर हम लोग बीस तीस प्रतिशत भी चल पाए तो बहुत बड़ी बात होगी, सभी जाति धर्म के लोगों को एक साथ लेकर चलना उनकी पहचान थी। नब्बे के दशक में अंबेडकर चौक का निर्माण एवं अंबेडकर विद्यालय की स्थापना उनके इसी सोच का परिचायक है । इस अवसर पर राजन सिंह राजा, साबीर अंसारी, तनवीर आलम,मोनू रजक,अशोक राम,शत्रुंजय सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, आनंद सिंह, रूबी यादव, इम्तियाज अंसारी, सुरेन्द्र चौहान, सतीश ठाकुर, मोनू सिंह, बबलू सिंह, जफरू अंसारी, फिरोज अंसारी, जावेद अंसारी, इकबाल खान,सुधीर सिंह, भोला यादव,बीरेन्द्र यादव,सतेन्द्र खरवार सुरज रावत,विजय तुरी,पप्पू सिंह, संजीव सिंह,प्रमोद सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत परिजनों ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

### घटना से परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है

**संवाददाता**

**चतरा :** सदर थाना क्षेत्र के सीमा गांव निवासी कोयल देवी (22) पति चमन भुईयां की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज को लेकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया गया कि शुक्रवार की अहले सुबह चमन भुईयां के चाचा ने फोन पर मृतका के चाचा को सूचना दी कि कोयल देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग सीमा गांव पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस पदाधिकारी दल बल के साथ पहुंचे और मामले की जानकारी ली।सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। मृतका की मां तुड़ाग गांव निवासी कचंती देवी ने बताया कि 2025 में पुत्री की शादी चमन भुईयां के साथ हुई थी। कुछ माह तक ठीक ठाक



चला।इसके बाद दहेज में बाइक मांग करने लगे, नहीं देने पर पुत्री के साथ मारपीट व प्रताड़ित किया जा रहा था। कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ. उन्होंने आरोप लगाया कि दहेज को लेकर ही ससुराल वालों ने पुत्री की हत्या कर दी है और उसे आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है।महिला ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।घटना से परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है।इस संबंध में थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि अब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनी आमजनों की समस्याएं, समाधान का दिया निर्देश

### जरूरतमंद पात्र महिला को विधवा पेंशन से जोड़ने का निर्देश



**चतरा :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी के रूप में (ईडीएम) रितेश कुमार उपस्थित रहे। जनता दरबार में उपायुक्त ने एक-एक कर आए सभी आवेदनों का गहन अवलोकन किया तथा कई मामलों में मौके पर ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क स्थापित कर त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस क्रम में चतरा सदर प्रखंड अंतर्गत ढंगरटोली की निवासी कलावती देवी ने अपने पति के निधन के उपरांत आर्थिक कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए राज्य विधवा सम्मान पेंशन योजना से जोड़ने का अनुरोध किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने तत्काल सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को कार्यालय कक्ष में तलब कर प्राथमिकता के आधार पर लाभ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। त्वरित कार्रवाई से संतुष्ट लाभुक ने राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, पेयजल (चापाकल), अबुआ आवास योजना, मईया सम्मान योजना, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़े मामलों सहित विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।आपको बताते चलें कि जिला प्रशासन, चतरा द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक समाहरणालय परिसर में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जहां आमजन अपनी समस्याएं सीधे प्रस्तुत कर त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# नप अध्यक्ष के दो से अधिक बच्चे मामले पर न्यायालय ने लिया संज्ञान

### नगरपालिका अध्यक्ष अताउर्रहमान ने चुनाव में गलत शपथ पत्र देते हुए दो संतान होने की दी है जानकारी



**चतरा :** चतरा नगर परिषद के लिए नव निर्वाचित अध्यक्ष अताउर्रहमान के दो से अधिक संतान होने को लेकर चतरा व्यवहार न्यायालय में दर्ज वाद को न्यायालय ने स्वीकृत कर लिया है। अब न्यायालय इस मामले की सुनवाई करेगा। मामले को लेकर शुक्रवार को पुरे दिन न्यायालय परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा। नगर परिषद के चुनाव में अध्यक्ष पद से चुनाव लड़ने वाले राजेश कुमार साह ने नगर परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष अताउर्रहमान के दो से अधिक संतान होने का दावा करते हुए चतरा व्यवहार न्यायालय में इनके निर्वाचन को चुनौती देते हुए वाद दायर कराया है। राजेश कुमार साह के द्वारा दायर वाद में बहस करने के लिए शुक्रवार को हाइकोर्ट के अधिवक्ता बिनोद सिंह चतरा व्यवहार न्यायालय पहुंचे थे। उन्होंने अपनी टीम के साथ सब जज के न्यायालय में मामले में बहस किया। बहस के बाद सिविल कोर्ट के सब जज ने दायर वाद को एकसेप्ट करते हुए आगे की सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। अधिवक्ता बिनोद सिंह ने वादी के पक्ष की ओर से मामले के त्वरित निष्पादन के लिए न्यायालय से स्पीडी ट्रायल की भी अपील की गई है। न्यायालय को बताया गया है कि झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 18 के तहत यह कानून लागू किया गया है कि 9 फरवरी 2013 के बाद किसी उम्मीदवार की तीसरी संतान का जन्म हुआ है, तो वह नगर निकाय चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य होगा। इसके बावजूद अताउर्रहमान ने चुनाव में गलत शपथ पत्र देते हुए दो संतान बताया है। जबकि नर्गिस नाज, मो आसीर व मो जनाती नाज नाम से उनके तीन संतान हैं। जो 2013 के बाद के भी हैं। अदालत की इस कार्रवाई के बाद चतरा में राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ गई है। मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता कन्हैया कुमार,

# तेज रफ्तार बाइक बिजली पोल से टकराई, युवक गंभीर

**संवाददाता**

**खूंटी :** मरचा-उड़ीकेल पथ पर स्थित बनाबीरा गांव के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक सवार ने सामने से विद्युत पोल में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की पहचान उड़ीकेल पहान टोली गांव निवासी बुधवा कोंनगाडी के रूप में की गई है। हादसे में उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जिससे उसकी स्थिति चिंताजनक बनी



हुई है।
घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस बुलाकर घायल युवक को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल तोरपा पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी रेफर कर दिया।
मिली जानकारी के अनुसार बुधवा कोंनगाडी मरचा से अपने घर उड़ीकेल पहान टोली लौट रहा था। इसी दौरान बनाबीरा गांव के पास तेज रफ्तार के कारण वह बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और सीधे बिजली के पोल से जा टकराया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और तेज रफ्तार पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

## रफ्तार बाइक के धक्के से एक व्यक्ति की मौत

**चतरा:** चतरा रफ्तार का कहर एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ है। सदर थाना क्षेत्र के घुरनार्डीह में एक अनियंत्रित बाइक की टक्कर से बाजार जा रहे एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हृदयविदारक घटना सदर थाना क्षेत्र के घुरणार्डीह की है। जानकारी के अनुसार, पटेर गांव निवासी 42 वर्षीय वासुदेव गंझू (पिताः झवर गंझू) शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार करने के लिए चतरा आ रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वासुदेव गंझू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्वजनों ने सदर थाने में लिखित आवेदन देकर दोषी बाइक सवार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है।

### भीषण गर्मी में गहराया जल संकट

# तजना नदी सूखी, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग





**संवाददाता**

**खूंटी :** नगर पंचायत क्षेत्र में इन दिनों पेयजल संकट ने गंभीर रूप ले लिया है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। कई परिवार दूर-दराज इलाकों से पानी लाकर काम चला रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग घरेलू उपयोग के लिए पानी खरीदने को मजबूर हैं।
दरअसल, खूंटी शहर के पेयजल आपूर्ति का एकमात्र प्रमुख स्रोत तजना नदी अब लगभग पूरी तरह सूख चुका है। इसके चलते पिछले कुछ दिनों से पाइपलाइन के माध्यम से होने वाली जलापूर्ति पूरी तरह बंद हो गई है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। नगर पंचायत द्वारा टैंकरों के माध्यम से जल वितरण की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन यह प्रयास नाकाफी साबित हो रहा है। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ अस्थायी राहत है, स्थायी समाधान नहीं। आने वाले दो महीनों तक स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर शहर के विभिन्न हिस्सों में जल मीनार (वाटर टावर) तो बना दिए, लेकिन उनमें पानी की आपूर्ति के लिए कोई वैकल्पिक स्रोत विकसित नहीं किया गया। पूरा शहर आज भी केवल तजना नदी पर निर्भर है, जो अब सूख चुकी है।
जानकारी के अनुसार, कई दशक पहले जब खूंटी की आबादी सीमित थी, तब कुछ इलाकों–जैसे पिपरा टोली, कर्रा रोड, आजाद नगर और छोटकी रोड–में पेयजल आपूर्ति के लिए इस व्यवस्था का निर्माण किया गया था। लेकिन अब बढ़ती आबादी के साथ शहर के 19 वार्डों में इसी एक स्रोत से पानी उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है, जिससे नदी पर अत्यधिक दबाव पड़ा और जल संकट गहरा गया।
स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत और जिला प्रशासन से मांग की है कि वे ठोस और दीर्घकालिक कदम उठाएं। शहर के आसपास मौजूद अन्य नदियों और जल स्रोतों को जोड़कर पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की गंभीर जल समस्या से बचा जा सके।
फिलहाल, खूंटी के लिए जल संकट सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, और यदि जल्द ठोस समाधान नहीं निकाला गया तो हालात और भी बदतर हो सकते हैं।

राजस्थान के नीमराना में भीषण आग

# झारखंड के चार मजदूरों की जिंदा जलकर मौत, दो मासूम भी शामिल

✔ अवैध कबाड़ गोदाम में लगी आग से मची अफरा-तफरी, एक महिला गंभीर रूप से झुलसी, दो लोग लापता

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची/नीमराना** : राजस्थान के नीमराना (कोटपुतली-बहरोड़) क्षेत्र में स्थित एक अवैध कबाड़ गोदाम में भीषण आग लगने से झारखंड के चार मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं। इस हृदयविदारक हादसे ने इलाके में शोक की लहर फैला दी है।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार शाम करीब 5 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि गोदाम में कबाड़ से निकली परफ्यूम की बोतलों को तोड़ा जा रहा था। इस दौरान बोतलों से निकल रहे ज्वलनशील केमिकल के कारण अचानक आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया।



आग की चपेट में आने से चार मजदूरों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतकों में दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं, जिससे घटना और भी मार्मिक हो गई है। वहीं, एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा, दो अन्य लोगों के लापता होने की सूचना है, जिनकी तलाश जारी है।

पहचान में दिक्कत, डीएनए जांच होगी : आग इतनी भीषण थी कि शव बुरी तरह जल गए हैं, जिसके कारण मृतकों की पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। प्रशासन ने पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए जांच कराने का निर्णय लिया है।

प्रशासन की कार्रवाई: घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही, अवैध रूप से संचालित गोदाम के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में लापरवाही के संकेत:प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गोदाम में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और ज्वलनशील पदार्थों को बिना किसी सुरक्षा मानक के रखा गया था। प्रशासन अब यह भी जांच कर रहा है कि गोदाम का संचालन किन परिस्थितियों में हो रहा था।

# महिला आरक्षण विधेयक : बीजेपी महिला मोर्चा का इंडिया गठबंधन के खिलाफ आक्रोश मार्च

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची:** रांची में आज उस वक्त सियासी माहौल गरमा गया, जब भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) महिला मोर्चा की हजारों कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आईं। इंडिया गठबंधन के खिलाफ निकाले गए इस आक्रोश मार्च में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली, जिससे राजधानी का प्रमुख इलाका रणक्षेत्र जैसा नजर आया।

**महिला आरक्षण को लेकर प्रदर्शन:** यह प्रदर्शन महिला आरक्षण बिल को लेकर विपक्ष के कथित विरोध और अड़ियल रवैये के खिलाफ किया गया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए महिलाओं ने जमकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह मुद्दा अब केवल राजनीति का नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार और सम्मान से जुड़ा है।




आधी आबादी कभी माफ नहीं करेगी: प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कड़े शब्दों में कहा कि जो भी गठबंधन महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने में बाधा बनेगा, उसे देश और राज्य की आधी आबादी कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने साफ किया कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर अब कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**विपक्ष को खुली चुनौती:** हजारों की संख्या में उमड़ी इस भीड़ ने विपक्ष के विरोध को सीधी चुनौती दी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि महिला सशक्तिकरण के इस अहम मुद्दे पर अब पीछे हटने का सवाल ही नहीं उठता।

**सुरक्षा व्यवस्था कड़ी:** प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन द्वारा शहर के कई इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके।


## गर्मी से मिलेगी राहत : रांची सहित कई जिलों में आज तेज हवा के साथ हल्की बारिश के आसार



**रांची:** राजधानी रांची समेत पूरा झारखंड इन दिनों भीषण गर्मी झेल रहा है। हीटवेव की वजह से स्कूलों की टाइमिंग भी बदल दी गई है। शनिवार यानी आज से मौसम में बदलाव के संकेत मिले हैं। रांची सहित 18 जिलों में 25 अप्रैल को मेघ गर्जन व तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। बारिश को लेकर अलर्ट जारी: बोकारो, धनबाद सहित नौ जिलों में 26 अप्रैल को वज्रपात, ओलावृष्टि, आंधी व बारिश को देखते हुए मौसम विभाग ने इन जिलों में ओरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 27 अप्रैल तक रांची सहित रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ जिला में कहीं-कहीं आंधी, वज्रपात, ओलावृष्टि के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सरायकेला-खरसावाँ।**

**आवश्यक सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपहृता लक्ष्मी सरदार, उम्र-16 वर्ष, पे०-रघु सरदार, पता ग्राम-सामरम, थाना-गम्हरिया जिला-सरायकेला-खरसावाँ, दिनांक-27.03.2026 की संध्या से बिना बताये कहीं चली गई है, जो अब तक घर वापस नहीं आयी है। इस संबंध में पता लगाने का काफी प्रयास किया गया एवं आवेदक अपने रिस्तेदारों एवं परिजनों द्वारा अपने स्तर से काफी खोजबीन किया गया परन्तु अपहृता लक्ष्मी सरदार, का पता नहीं चल सका है।

अपहृता लडकी का हुलिया :-

1. नाम- लक्ष्मी सरदार,
2. उम्र- 16 वर्ष,
3. रंग- साँवली,
4. उचाई- करीब 4. फीट, 5 इंच
5. भाषा- हिन्दी एवं बंगला,
6. पहनावा- लाल रंग का मीनी सूट।

अतः सभी जन साधरण से अनुरोध है कि यदि उक्त अपहृता लक्ष्मी सरदार के संबंध में किसी प्रकार की सूचना मिले तो निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

विज्ञापन दाता का नाम-पुलिस अधीक्षक, श्रीमति निधि द्विवेदी (भा०पु०से०)
पत्र वाहक का नाम एवं पद-338 मिथुन प्रामानिक, मो०न०-8210059836
मो०न०:- 9431706529-पुलिस अधीक्षक, सरायकेला-खरसावाँ।
9431706530-पुलिस उपाधीक्षक, (मुख्यालय), सरायकेला-खरसावाँ।
9431706531-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सरायकेला।
9431706541-पु०नि० सह थाना प्रभारी, गम्हरिया।
Email Id sp-seraikela@jhpolice.gov.in

पुलिस अधीक्षक,
सरायकेला-खरसावाँ।

PR 378395 (Police) 26-27 (D)


# पहाड़ी मंदिर समिति का पुनर्गठन राजेश साहू को फिर मिली जिम्मेदारी

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के प्रबंधन को लेकर झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड की नई कमेटी का गठन किया गया है। इस पुनर्गठित समिति में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के संस्थापक अध्यक्ष राजेश कुमार साहू को पूर्व की भांति आगामी पाँच वर्षों के लिए सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

समिति गठन के तहत न्यायाधीश एसएन। पाठक को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्यों में क्षेत्र के सांसद, विधायक, राँची के उपायुक्त, वरीय पुलिस



अधीक्षक (एसएसपी), सदर अनुमंडल पदाधिकारी तथा विजय पाठक को शामिल किया गया है।

राजेश कुमार साहू को दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने उन्हें बधाई दी है। समिति के सदस्यों ने आशा जताई है कि उनके अनुभव और नेतृत्व में पहाड़ी मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को नई गति मिलेगी।ज्ञात हो कि पहाड़ी मंदिर राँची का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहाँ प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचते हैं। नई समिति के गठन से मंदिर के व्यवस्थापन और सुविधाओं में और सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

## जगन्नाथपुर मंदिर के गार्ड बिरसा मुंडा के परिजनों को मिले नौकरी और मुआवजा : निपु सिंह



**रांची:** झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री सह रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी निपु ने कहा कि रांची में अपराधी बेलगाम हो गया है ।।

श्री सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में गुरुवार रात को सुरक्षा गार्ड बिरसा मुंडा की हत्या करने वाले अपराधी को प्रशासन जल्द से जल्द गिरफ्तार करें और बिरसा मुंडा के कम से कम एक परिजन को सरकारी नौकरी दें । साथ ही पांच लाख मुआवजा भी दे। श्री सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है जनता एकजुट हो और मिलकर लड़ाई लड़े नहीं तो अपराधी जीने नहीं देंगे । श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि प्रशासन पूरी तरह सोया हुआ है। जनता अपने आप को डरा हुआ महसूस कर रही है । उन्होंने कहा कि अपराधी को प्रशासन से अब डर नहीं है ।उसको जो मर्जी कर रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधी को जल्द से जल्द नहीं पकड़ा गया तो जगन्नाथ मंदिर के समीप सैकड़ो लोग मिलकर धरना देंगे ।

# जगन्नाथ मंदिर हत्याकांड का खुलासा

**रांची :** जगन्नाथ मंदिर रांची में हुए हत्याकांड के खुलासे के बाद आज रांची पुलिस के वरीय अधिकारी मंदिर पहुंचे। इस दौरान रांची एसएसपी राकेश रंजन ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया और कांड के सफल उद्भेदन को भगवान की कृपा बताया। हत्याकांड के खुलासे के बाद रांची एसएसपी राकेश रंजन, सिटी एसपी पारस राणा, हटिया डीएसपी पीके मिश्रा और जगन्नाथपुर थाना प्रभारी मंदिर पहुंचे। यहां अधिकारियों ने विधि-विधान से पूजा की और भगवान जगन्नाथ से शहर में शांति और सुरक्षा की कामना की। पूजा के बाद एसएसपी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से ही इस मामले का त्वरित उद्भेदन संभव हो पाया हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की पूछताछ जारी हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
**Email-eedwsd.gumla@gmail.com**

**अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 03/2026-27**

1. विभाग का नाम :-पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय (छुट्टी के दिनो को छोड़कर) :-02.05.2026 के अपराह्न 1.00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-04.05.2026 को 4.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :-04.05.2026 को 4.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :-(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल सं0-2, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :-(क)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 200 mm X 165 mm X 200.00 mtr deep HYDT with solar Submersible motor pump set and Rising & Distribution main through HDPE pipe at Govt. middle School Murkunda Block - Gumla, under D.W. & S. Division, Gumla for the year 2026-27. | 5,53,076 | 11,100 | 1,250 | 03 माह |
| 2 | Construction of 200 mm X 165 mm X 200.00 mtr deep HYDT with solar Submersible motor pump set and Rising & Distribution main through HDPE pipe at Govt. middle School Dhidhauli Block - Gumla, under D.W. & S. Division, Gumla for the year 2026-27. | 7,18,960 | 14,400 | 1,250 | 03 माह |

निविदा की नियम एवं शर्ते :- कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।
:- प्राक्कलित राशि आवश्यकतानुसार घट/बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गुमला

PR 378376 (Drinking Water and Sanitation)26-27*D


बिरसा शिशु मंदिर विद्यालय का चौथा वार्षिक महोत्सव

# विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन विजेताओं को किया गया सम्मानित

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची:** रातू प्रखंड के दलादिली चौक समीप बिरसा शिशु मंदिर विद्यालय सिमलिया में शुक्रवार को चतुर्थ वार्षिक महोत्सव के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो दो दिनों तक चला। प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा से दसवीं कक्षा तक के बच्चे शामिल हुए। वहीं डांस प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा से आठवीं कक्षा तक के बच्चे के साथ हॉस्टल्स ग्रुप डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए। विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के द्वारा विभिन्न प्रकार की विज्ञान संबंधी उपयोग में आने वाली वस्तुओं का विद्यालय के बच्चों के द्वारा निर्मित विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में प्रदर्शित की गई। जिसमें बच्चे काफी उत्साहित दिखे। बच्चों के अभिभावक भी इस तरह की प्रदर्शनी देख काफी प्रभावित हुए, और इच्छा जाहिर की इस तरह की प्रदर्शनी प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित होती रहे। विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक महतो जी ने कहा कि अपने विद्यालय में इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी मेला आयोजित कर मैं काफी उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि उक्त विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में अधिक से अधिक बच्चे प्रतिभागी बने, जिसमें बच्चों की प्रतिभा सामने आ सके। विद्यालय की ओर से अतिथियों को गुलदस्ता देकर अंग वस्त्र के साथ मोमेंटो भेंटकर तथा शिक्षिकाओं के द्वारा तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतिभागी विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण की गई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती वंदना कर किया गया। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, भाजपा नेता राकेश चौधरी,पूर्व मुखिया मुकेश भगत का गणमान्य लोगों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों के विज्ञान प्रदर्शनी की निरीक्षण भी किया, तथा इस दौरान बच्चों को उत्साह वर्धन करते हुए अतिथियों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता की आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है, तथा बच्चों की प्रतिभा सामने निकल कर आती है।



उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व अपने भारतवर्ष में गुरुकुल का प्रचलन था जिसे अन्य देशों के विदेशी आक्रांताओं के द्वारा समाप्त कर दिया गया। आज फिर से भारत वर्ष में गुरुकुलम जैसे अन्य विद्यालय खोले जाने से आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ-साथ पौराणिक शिक्षा पद्धति की ओर अग्रसर होते देख हम काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की आयोजन किए जाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक महतो जी को कम से कम संसाधन होने के बावजूद अपने अच्छा प्रयास से इस तरह की प्रदर्शनी प्रतियोगिता आयोजित किए जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। ऐसे विद्यालय प्रबंधन के द्वारा इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता खेल के साथ अन्य प्रतियोगिताओं के कारण देश फिर से पौराणिक शिक्षा पद्धति की ओर अग्रसर होती दिख रही है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से सुजाता मैम, जोशी मिंज, शांति मैम, प्रिया दुबे, पुष्पा मैम, उर्मिला मैम, लिली मैम, एंजेल मैम, शीतल मैम, सरिता मैम,अनीता मैम, दीपक सर, शशि सर, रोशन सर का सराहनीय योगदान रहा।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला, झारखण्ड**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

लापता के समय उम्र-13 वर्ष, वर्तमान उम्र-21 वर्ष, उँचाई-करीब 4 फीट, चेहरा-गोल, (लापता के समय पहनावा)-पिला रंग का शूट पहनी हुई है।





उपरोक्त लापता पीड़िता माह अगस्त वर्ष 2018 से लापता है। पीड़िता की बरामदगी हेतु पीड़िता संजीता कुमारी उम्र-13 वर्ष,(वर्तमान उम्र-21 वर्ष) पिता-स्व0 चन्दरू उराँव, पता- खोरा जामटोली, थाना+जिला-गुमला, (झारखण्ड), जिसके संबंध में AHTU थाना कांड संख्या-03/2020, दिनांक-06.02.2020 धारा-363/365/367/368/370/371/भा0द0वि0 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना का सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें। Email ID (sp-gumla@jhpolice.gov.in)

सूचना देने वाले व्यक्ति को 200000/(दो लाख) रूपया का पुरस्कार दिया जायेगा।

1. पुलिस अधीक्षक, गुमला - 9431706376
2. पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला - 9471182113
3. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला - 9431706202
4. थाना प्रभारी, AHTU - 8986604606/8809624441

ह0/-
पुलिस अधीक्षक, गुमला

PR 378252 Police Wireless Headquarter(26-27)#D

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 CHILD HELPLINE-1098
WOMEN HELPLINE-1091 DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181
CYBER CRIME HELPLINE-1930 AMBULANCE SERVICE-108

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## नारी-आरक्षणः नये भारत का आधार एवं संभावनाओं का शिखर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भारत की राजनीति और समाज में जो नई चेतना उभरकर सामने आई है, वह केवल एक विधायी परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक रूपांतरण एवं नये भारत-निर्माण की संभावनाओं की प्रस्तावना है। निश्चिततौर पर भारत अब अपने विकास की धुरी में महिलाओं की सक्रिय और निर्णायक भागीदारी को अनिवार्य मानने लगा है। दशकों से लंबित महिला आरक्षण का मुद्दा केवल संसद के गलियारों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह भारतीय समाज की उस अंतधार्रा से जुड़ा रहा है, जिसमें बराबरी, सम्मान और अवसर की मांग निरंतर उठती रही है। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत स्थान आरक्षित करने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सही कहा कि यह इस सदी के महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। पहले यह अधिनियम नई जनगणना के बाद लागू होना था, पर उसमें देरी के चलते सरकार ने इसे 2011 की जनगणना के आधार पर लागू करने का निर्णय किया। इस पर विपक्षी दलों ने आपत्ति जताई है, पर इस आपत्ति को महत्व देने से अगले लोकसभा चुनाव में महिला आरक्षण लागू करना संभव नहीं होगा, क्योंकि ताजा जनगणना के आंकड़ों के आधार पर बनने वाले परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आने में समय लगता और तब तक 2029 के आम चुनाव हो जाते। इसी कारण इस अधिनियम में संशोधन करने हेतु संसद का एक विशेष सत्र बुलाया गया है। चूंकि यह सत्र विधानसभा चुनावों के बीच बुलाया जा रहा है, इसलिए भी कई विपक्षी दलों को यह कांटों की तरह चुभन दे रहा है।

भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास विरोधाभासों से भरा रहा है। एक ओर देश ने इंदिरा गांधी जैसी सशक्त महिला नेतृत्व को देखा, वहीं दूसरी ओर संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या लंबे समय तक सीमित बनी रही। वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी लगभग 15 प्रतिशत के आसपास है, जो यह बताती है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व के स्तर पर अभी भी एक बड़ा अंतर विद्यमान है। इस संदर्भ में महिला आरक्षण अधिनियम उस अंतर को पाटने का एक संगठित और संरचनात्मक प्रयास है। महत्वपूर्ण यह भी है कि इस अधिनियम को लागू करने के संदर्भ में जनगणना और परिसीमन को लेकर जो विवाद सामने आया है, वह भारतीय लोकतंत्र की जटिलताओं को भी उजागर करता है। सरकार द्वारा 2011 की जनगणना के आधार पर इसे लागू करने का निर्णय एक व्यावहारिक दृष्टिकोण को दशार्ता है, क्योंकि नई जनगणना और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया में होने वाली देरी महिला आरक्षण को वर्षों तक टाल सकती थी। विपक्ष की आशंकाएं अपनी जगह पर हैं, परंतु अभी तक उनके समर्थन में ठोस तथ्य सामने नहीं आए हैं। भारतीय राजनीति में किसी भी बड़े निर्णय को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने की परंपरा रही है और महिला आरक्षण भी इससे अछूता नहीं है। विपक्ष द्वारा यह आरोप लगाना कि सरकार इस पहल के माध्यम से राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा है। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि लोकतंत्र में लिए जाने वाले अधिकांश निर्णयों के पीछे राजनीतिक गणित काम करता है। प्रश्न यह नहीं होना चाहिए कि निर्णय के पीछे राजनीतिक लाभ है या नहीं, बल्कि यह होना चाहिए कि उसका प्रभाव समाज पर कितना सकारात्मक पड़ता है। यदि महिला आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी बढ़ती है और नीति निर्माण में उनका दृष्टिकोण शामिल होता है, तो यह संपूर्ण समाज के लिए लाभकारी होगा। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका में एक उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। महिलाएं अब केवल मतदाता नहीं रहीं, बल्कि वे एक निर्णायक मतदाता वर्ग के रूप में उभरी हैं। 2019 के आम चुनावों में महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुषों के लगभग बराबर रही और कई राज्यों में उन्होंने पुरुषों से अधिक मतदान किया। यह परिवर्तन केवल संख्या का नहीं, बल्कि चेतना का संकेत है। महिलाएं अब अपने अधिकारों और हितों के प्रति अधिक सजग हो रही हैं और राजनीतिक निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं। सरकारी योजनाओं ने भी इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से रसोई गैस की उपलब्धता, जनधन योजना के तहत बैंकिंग सुविधा, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण और मातृत्व लाभ योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में प्रत्यक्ष सुधार किया है। इन योजनाओं का प्रभाव केवल आर्थिक या भौतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी रहा है, जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे सार्वजनिक जीवन में अधिक सक्रिय हुई हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को इस संदर्भ में विशेष रूप से स्मरण किया जाना चाहिए। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से समानता और न्याय के सिद्धांतों को स्थापित करते हुए महिलाओं को समान अधिकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका यह विश्वास था कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन वहां की महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है। आज जब महिला आरक्षण की बात हो रही है, तो यह उसी विचारधारा का विस्तार प्रतीत होता है, जिसमें महिलाओं को केवल संरक्षण नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का अवसर प्रदान किया जाता है। हालांकि यह भी समझना आवश्यक है कि महिला आरक्षण अपने आप में कोई अंतिम समाधान नहीं है। यह एक आवश्यक कदम है, परंतु पर्याप्त नहीं। राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ने से महिलाओं की आवाज अवश्य मजबूत होगी, परंतु सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तर पर समानता स्थापित करने के लिए और भी प्रयास करने होंगे। आज भी भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 25 प्रतिशत के आसपास है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति हुई है, परंतु उच्च शिक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ाने की आवश्यकता है। महिला आरक्षण के क्रियान्वयन के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। यह आशंका व्यक्त की जाती रही है कि कई स्थानों पर महिलाएं केवल नाममात्र की प्रतिनिधि बनकर रह जाएंगी और वास्तविक निर्णय उनके पुरुष परिजन लेंगे। पंचायत स्तर पर इस तरह के उदाहरण देखने को मिले हैं, परंतु समय के साथ महिलाओं ने इस स्थिति को बदला भी है और अपने अधिकारों को स्वयं संभालने की क्षमता विकसित की है। इसी प्रकार राजनीतिक प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है, ताकि महिलाएं केवल प्रतिनिधि न होकर प्रभावी नीति निमार्ता बन सकें। इसके साथ ही राजनीतिक दलों की आंतरिक संरचना में भी परिवर्तन आवश्यक है। यदि दल अपने संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को पर्याप्त स्थान नहीं देंगे, तो केवल आरक्षण के माध्यम से वास्तविक सशक्तिकरण संभव नहीं होगा। दलों को चाहिए कि वे महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करें, उन्हें चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित करें और उनके लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें। नया भारत जिस विकसित राष्ट्र की कल्पना कर रहा है, उसमें नारी शक्ति की भूमिका केंद्रीय है। आज भारतीय महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। विज्ञान, तकनीक, खेल, शिक्षा, प्रशासन और उद्यमिता-हर क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां यह प्रमाणित करती हैं कि अवसर मिलने पर वे किसी भी चुनौती का सामना कर सकती हैं। इसरो की महिला वैज्ञानिकों की सफलता, ओलंपिक में पदक जीतने वाली खिलाड़ियों का प्रदर्शन, और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण के उदाहरण इस परिवर्तन के सशक्त प्रमाण हैं। इस अधिनियम के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि विकास का कोई भी मॉडल तब तक पूर्ण नहीं हो सकता, जब तक उसमें आधी आबादी की समान भागीदारी सुनिश्चित न हो। हालांकि इसके क्रियान्वयन में राजनीतिक मतभेद और व्यावहारिक चुनौतियां सामने आती रहेंगी, परंतु इसकी मूल भावना पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता। आवश्यकता इस बात की है कि इसे एक राजनीतिक मुद्दे के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन के अवसर के रूप में देखा जाए।

# बिहार में संभावनाएं विकास कीः अब सत्ता सम्राट की

ऐसे परिदृश्य में जब लंबे इंतजार और जटिल कूटनीतिक समीकरणों के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में शासन स्थापित होने की स्थिति बनती है और सम्राट चौधरी जैसे नेता मुख्यमंत्री के रूप में उभरते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक संभावित राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तन का संकेत भी है।

ललित गर्ग

भा

बिहार की राजनीति लंबे समय से बदलाव, प्रयोग और नेतृत्व के उतार-चढ़ाव का साक्षी रही है। ऐसे परिदृश्य में जब लंबे इंतजार और जटिल कूटनीतिक समीकरणों के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में शासन स्थापित होने की स्थिति बनती है और सम्राट चौधरी जैसे नेता मुख्यमंत्री के रूप में उभरते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक संभावित राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह क्षण बिहार के लिए एक नए युग की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है, जहां अपेक्षाएं केवल शासन परिवर्तन की नहीं, बल्कि शासन की गुणवत्ता, दृष्टि और परिणामों की भी हैं। नये मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के सामने न सिर्फ बिहार की जनता में एक कुशल प्रशासक की छाप छोड़ने की चुनौती है, बल्कि पार्टी की अपेक्षाओं एवं नीतीश कुमार द्वारा खींची रेखाओं से आगे निकलने के संघर्ष में भी उन्हें खरा उतरना होगा। सम्राट को उससे आगे ऐसा कुछ करना होगा, ताकि भाजपा उसके आधार पर भविष्य की दावेदारी पेश कर सके एवं अपने बल पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की पात्रता विकसित कर सके। बिहार में भाजपा का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है, सम्राट के भरोसे से।सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री के रूप में चयन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। वे कोई अप्रत्याशित या अपरिचित चेहरा नहीं हैं। बिहार की राजनीति में सक्रिय रहते हुए, उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और विभिन्न राजनीतिक धाराओं से गुजरते हुए उन्होंने राज्य की जटिलताओं को निकट से समझा है। उनकी राजनीतिक यात्रा उन्हें एक व्यावहारिक नेता के रूप में स्थापित करती है, जो केवल सिद्धांतों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन की वास्तविकताओं से भी जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि उनके नेतृत्व से बिहार की जनता को एक ऐसे प्रशासन की उम्मीद है जो नीतिगत स्पष्टता के साथ-साथ क्रियान्वयन की क्षमता भी रखता हो। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि बिहार में नेतृत्व का मूल्यांकन केवल व्यक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी नीतियों, प्राथमिकताओं और परिणामों के आधार पर होता है। पिछले वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से सामने आई है कि शासन की सफलता का निर्धारण केवल मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से नहीं, बल्कि उस व्यापक नीति-ढांचे से होता है जो केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करता है। भारतीय राजनीति में यह एक नया आयाम है, जहां केंद्र सरकार की नीतियां राज्यों के विकास की दिशा को काफी हद तक प्रभावित करती हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों के उदाहरण इस बात को पुष्ट करते हैं कि अपेक्षाकृत कम चर्चित चेहरों के बावजूद विकास की गति तेज रह सकती है, यदि नीतिगत समर्थन और प्रशासनिक इच्छाशक्ति मजबूत हो।बिहार के संदर्भ में यह पहलू और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह राज्य लंबे समय तक अवसंरचनात्मक पिछड़ेपन, बेरोजगारी, पलायन और सामाजिक विषमताओं से जूझता रहा है। ऐसे में सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वे इन जटिल समस्याओं के समाधान के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करें। केवल राजनीतिक स्थिरता पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि उसे विकासात्मक स्थिरता में परिवर्तित करना होगा। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निरंतर सुधार के साथ-साथ रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में अवसर मिल सकें। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि बिहार के हालिया इतिहास में यदि किसी नेता ने प्रशासनिक सुधार और सुशासन की एक स्पष्ट छवि प्रस्तुत की है, तो वह नीतीश कुमार हैं। उन्होंने जिस समय सत्ता संभाली, उस समय बिहार ह्यजंगलराजह्न की छवि से जूझ रहा था। कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय थी, अवसंरचना लगभग ध्वस्त थी और राज्य की छवि राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक थी। ऐसे समय में नीतीश कुमार ने सड़क, बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए। विशेष रूप से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए साइकिल योजना जैसी पहलें सामाजिक परिवर्तन का आधार बनीं। उन्होंने प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ाने का प्रयास किया, जिससे शासन के प्रति जनता का विश्वास पुनः स्थापित हुआ।

नीतीश कुमार का व्यक्तित्व एक संतुलित, संयमित और व्यावहारिक नेता के रूप में उभरता है। वे आक्रामक राजनीति के बजाय संवाद और सहमति की राजनीति के पक्षधर रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठाकर विकास के एजेंडे से जोड़ने का प्रयास किया। हालांकि समय के साथ उनकी राजनीतिक रणनीतियों और गठबंधनों में बदलाव ने उनकी छवि को कुछ हद तक प्रभावित भी किया, लेकिन उनके द्वारा स्थापित प्रशासनिक मानक आज भी बिहार के लिए एक संदर्भ बिंदु बने हुए हैं। सम्राट चौधरी के लिए यह एक बड़ी चुनौती और अवसर दोनों है कि वे इन स्थापित मानकों को न केवल बनाए रखें, बल्कि उन्हें और आगे बढ़ाएं। उन्हें यह समझना होगा कि बिहार की जनता अब केवल वादों से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि परिणाम चाहती है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी भी सुधार की व्यापक संभावनाएं हैं। सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता, उच्च शिक्षा के अवसर, अस्पतालों की स्थिति और चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार ऐसे क्षेत्र हैं जहां ठोस कार्य की आवश्यकता है। इसके साथ ही भ्रष्टाचार एक ऐसी समस्या है जो किसी भी विकासात्मक प्रयास को कमजोर कर सकती है। यदि सम्राट चौधरी वास्तव में एक प्रभावी और जनोन्मुखी शासन स्थापित करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचारमुक्त शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। डिजिटल गवर्नेंस, ई-टेंडरिंग और निगरानी तंत्र को सशक्त बनाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं।

महिला सशक्तिकरण भी बिहार के विकास का एक महत्वपूर्ण आयाम है। पिछले वर्षों में इस दिशा में कुछ सकारात्मक पहलें हुई हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है। यदि सम्राट चौधरी इस क्षेत्र में ठोस और नवाचारी कदम उठाते हैं, तो यह बिहार की प्रगति को एक नई दिशा दे सकता है। पलायन की समस्या भी बिहार के लिए एक स्थायी चुनौती रही है। लाखों लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में जाते हैं, जिससे न केवल राज्य की श्रमशक्ति का क्षरण होता है, बल्कि सामाजिक संरचना पर भी प्रभाव पड़ता है। इस समस्या का समाधान केवल उद्योगों के विकास और स्थानीय रोजगार के अवसरों के सृजन से ही संभव है। कृषि आधारित उद्योग, लघु और मध्यम उद्योग तथा स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर इस दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

निश्चिततौर पर यह कहा जा सकता है कि बिहार आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां अतीत के अनुभव, वर्तमान की अपेक्षाएं और भविष्य की संभावनाएं एक साथ उपस्थित हैं। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यह राज्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह उनके निर्णयों, नीतियों और कार्यशैली पर निर्भर करेगा। यदि वे नीतीश कुमार द्वारा स्थापित सुशासन के मानकों को आधार बनाते हुए नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ते हैं, तो बिहार न केवल अपने पुराने कलंक से पूरी तरह मुक्त हो सकता है, बल्कि एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में भी उभर सकता है। यह समय केवल नेतृत्व परिवर्तन का नहीं, बल्कि सोच और दृष्टिकोण के परिवर्तन का है। बिहार की जनता अब जागरूक है, अपेक्षाएं स्पष्ट हैं और अवसर भी व्यापक हैं। ऐसे में सम्राट चौधरी के लिए यह आवश्यक है कि वे व्यक्ति-आधारित राजनीति से ऊपर उठकर नीतियों और परिणामों पर केंद्रित शासन प्रस्तुत करें। यदि वे ऐसा कर पाते हैं, तो न केवल वे अपने नेतृत्व को सिद्ध करेंगे, बल्कि बिहार को एक नई पहचान भी देंगे-एक ऐसे राज्य के रूप में जो संघर्ष से उबरकर सफलता की नई गाथा लिखने में सक्षम है।

**(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)**

# वैश्विक तनाव के बीच भारत की सधी हुई चाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चांसलर स्टॉकर का स्वागत करते हुए इसे विशेष अवसर बताया और इस बात पर जोर दिया कि यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए भारत को चुनना ऑस्ट्रिया की भारत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बाद आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के नए अवसर सामने आए हैं।

नीरज कुमार दुबे

भा

भारत और ऑस्ट्रिया के बीच संबंधों को नई दिशा देने वाली एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल के तहत ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा ऐतिहासिक मानी जा रही है। लगभग चार दशकों के बाद किसी ऑस्ट्रियाई चांसलर का भारत आगमन न केवल द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती का संकेत है, बल्कि यह वैश्विक परिदृश्य में बदलती प्राथमिकताओं के बीच नई साझेदारी के निर्माण का भी प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चांसलर स्टॉकर का स्वागत करते हुए इसे विशेष अवसर बताया और इस बात पर जोर दिया कि यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए भारत को चुनना ऑस्ट्रिया की भारत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बाद आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के नए अवसर सामने आए हैं। भारत और ऑस्ट्रिया के संबंध पहले से ही अवसंरचना, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में मजबूत रहे हैं। दिल्ली मेट्रो और अटल सुरंग जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में ऑस्ट्रिया की तकनीकी विशेषज्ञता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा रेलवे परियोजनाओं, रोपवे, स्वच्छ ऊर्जा और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में भी ऑस्ट्रियाई कंपनियों की सक्रिय भागीदारी रही है।

दोनों देशों के बीच हुए 15 करार

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुल पंद्रह महत्वपूर्ण समझौते और पहलें सामने आईं, जो रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, नवाचार और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों को कवर करती हैं। इनमें सबसे प्रमुख है आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्य समूह की स्थापना का प्रस्ताव, जो वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा।

रक्षा क्षेत्र में भी सहयोग को नई गति देने के लिए सैन्य मामलों में सहयोग पर एक आशय पत्र पर सहमति बनी है। इसके तहत रक्षा उद्योग, नीति संवाद, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। यह पहल भारत और यूरोप के बीच हाल ही में हुए सुरक्षा सहयोग को भी मजबूती प्रदान करेगी।

आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक फास्ट ट्रैक तंत्र स्थापित करने की घोषणा की गई है, जिससे दोनों देशों की कंपनियों और निवेशकों को आने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सकेगा। इससे व्यापार को सुगम बनाने और निवेश को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए ऑडियो विजुअल सह उत्पादन समझौता किया गया है, जिससे दोनों देशों के फिल्म उद्योग के बीच संयुक्त निर्माण और सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिसके तहत वैज्ञानिक सहयोग, मानकों के आदान प्रदान और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया जाएगा। इससे कृषि और खाद्य उत्पादों के व्यापार को भी मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, दोनों देशों के बीच कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें प्रशिक्षुता प्रणाली, ज्ञान साझा करने और योग्यता की पारस्परिक मान्यता पर जोर दिया गया है। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए संरचित संवाद शुरू करने और तकनीकी विश्वविद्यालयों के माध्यम से भारतीय छात्रों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने की पहल भी की गई है। इस यात्रा के दौरान स्टार्टअप सहयोग को बढ़ाने, साइबर सुरक्षा संवाद शुरू करने, अंतरिक्ष उद्योग में संयुक्त सेमिनार आयोजित करने और वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम को लागू करने जैसी घोषणाएं भी की गईं। उच्च प्रौद्योगिकी जैसे क्वांटम तकनीक, मशीन लर्निंग, जल शोधन और सामग्री विज्ञान में संयुक्त अनुसंधान को साझेदारी का मुख्य आधार बनाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर यह भी कहा कि भारत की प्रतिभा और ऑस्ट्रिया की नवाचार क्षमता मिलकर वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला विकसित कर सकती है। उन्होंने रक्षा, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और क्वांटम क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया। इसके अलावा, मानव संसाधन के क्षेत्र में भी दोनों देशों ने प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाया है। वर्ष 2023 में हुए प्रवासन और गतिशीलता समझौते के तहत अब नर्सिंग क्षेत्र में भी सहयोग को विस्तार दिया जाएगा। युवा आदान प्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। साथ ही वैश्विक परिदृश्य पर चर्चा करते हुए दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि सैन्य संघर्ष किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। चाहे यूक्रेन का संकट हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, दोनों देशों ने स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया। साथ ही वैश्विक संस्थाओं में सुधार और आतंकवाद के पूर्ण उन्मूलन की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। हम आपको एक बार फिर बता दें कि ऑस्ट्रिया भारत के लिए एक महत्वपूर्ण यूरोपीय साझेदार है। यह मध्य और पूर्वी यूरोप में प्रवेश का एक प्रमुख द्वार है और हरित प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा तथा उन्नत इंजीनियरिंग में इसकी विशेषज्ञता भारत के विकास कार्यक्रमों के लिए उपयोगी है। दोनों देशों के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है और यह लगभग तीन अरब डॉलर के स्तर तक पहुंच चुका है।देखा जाये तो भारत और ऑस्ट्रिया के बीच मजबूत होते संबंधों का प्रभाव वैश्विक भू-राजनीति पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। यूरोप के मध्य में स्थित ऑस्ट्रिया, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सेतु का काम करता है, जिससे भारत को यूरोप के बाजारों, तकनीक और निवेश तक बेहतर पहुंच मिलती है। इस सहयोग से भारत की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भूमिका और अधिक मजबूत होगी, विशेषकर उच्च प्रौद्योगिकी, रक्षा और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में। इसके साथ ही, ऑस्ट्रिया का भारत के प्रति समर्थन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की स्थिति को सुदृढ़ करेगा, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता जैसे मुद्दों पर।


दक्षिण एशिया के संदर्भ में यह साझेदारी भारत की रणनीतिक बढ़त को और मजबूत करेगी, क्योंकि उन्नत तकनीक, रक्षा सहयोग और आर्थिक निवेश के माध्यम से भारत क्षेत्रीय नेतृत्व को और प्रभावी ढंग से स्थापित कर सकेगा। इससे न केवल भारत की सुरक्षा क्षमताएं बढ़ेंगी, बल्कि वह क्षेत्र में स्थिरता, विकास और संतुलन बनाए रखने में भी अधिक सक्षम भूमिका निभा सकेगा। बहरहाल, ऑस्ट्रिया के चांसलर की भारत यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों देशों के संबंध अब पारंपरिक सहयोग से आगे बढ़कर नवाचार केंद्रित और भविष्य उन्मुख साझेदारी की ओर अग्रसर हैं। दोनों देशों ने मिलकर एक ऐसे सहयोग मॉडल की नींव रखी है जो न केवल द्विपक्षीय हितों को साधेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी स्थिरता और प्रगति में योगदान देगा।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# मथुरा-वृंदावन से द्वारका तक, कान्हा के इन 9 धामों में बसती है दिव्यता

भा

महाभारत और पुराणों में भगवान श्रीकृष्ण का जीवनकाल 125 साल का बताया गया है। लेकिन अपने जीवनकाल में शायद ही श्रीकृष्ण लंबे समय तक एक स्थान पर रहे हों। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन अलग-अलग चरणों में बीता। खतरे के माहौल को देखते हुए बचपन छिपकर बिताया। यौवन काल प्रेम और विरह से भरा, वयस्क जीवन जिम्मेदारियों से भरा और आखिर में वैराग्य और एकांत से जुड़ी यादें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको जन्म से लेकर वैराग्य तक भगवान श्रीकृष्ण के 9 पवित्र धाम के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आज भी दिव्यता गूंजती है।



**मथुरा :** भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ था।
यहां पर भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मंदिर और विश्राम घाट है।
उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में श्रीकृष्ण जन्मभूमि है।

**गोकुल :** जन्म के बाद श्रीकृष्ण का पालन-पोषण नंद बाबा के घर गोकुल में ही हुआ था।
यहां के मुख्य स्थल नंद भवन और रमणरेती है।
आज भी यहां की गलियां बाल कृष्ण की लीलाओं की गवाही देती है।
यहां पर आज भी मां यशोदा की लोरियां और घर-घर में श्रीकृष्ण के माखन चुराने की कथाएं प्रचलित हैं।

**वृंदावनः** वृंदावन श्रीराधा-कृष्ण की रासलीलाओं का पावन स्थल है।
वृंदावन के प्रमुख मंदिर प्रेम मंदिर और बांके बिहारी मंदिर है।
यहां का हर कोना प्रेम और भक्ति से सराबोर रहता है।
यहां पर रात के समय राधा रानी और गोपियों की मौजूदगी को महसूस किया जा सकता है।

**नंदगांव :** नंदगांव भगवान श्रीकृष्ण के किशोर काल से जुड़ा है।
यहां का मुख्य आकर्षण नंद राय मंदिर है।

**बरसाना :** यह गांव राधा जी का गांव माना जाता है।
यहां पर लाडली जी का मंदिर है। वहीं बरसाना की लठमार होली विश्व प्रसिद्ध है।

**उज्जैन :** उज्जैन में श्रीकृष्ण ने गुरु संदीपनि के आश्रम में शिक्षा ली थी।
यहां पर आज भी संदीपनि ऋषि का आज भी दर्शनीय है।
यहां पर श्रीकृष्ण की सुदामा से मित्रता हुई थी।

**द्वारका :** मथुरा छोड़कर भगवान श्रीकृष्ण ने द्वारका को अपनी राजधानी बनाया था।
यहां का मुख्य आकर्षण द्वारकाधीश मंदिर है।
द्वारकाधीश मंदिर चार धामों में से एक प्रमुख धाम है।

**कुरुक्षेत्र :** महाभारत युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था।
यहां का विशेष स्थल ज्योतिसर है।
यह स्थान कर्म और धर्म का प्रतीक है।

**सोमनाथ :** माना जाता है कि श्रीकृष्ण ने यहीं प्रभास क्षेत्र में देह त्याग किया था।
सोमनाथ मंदिर के पास स्थित यह स्थान अत्यंत पवित्र माना जाता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# सभी अपूर्ण योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जाए : उपायुक्त

### पेयजल समस्याओं के निवारण हेतु हेल्पलाइन नंबर +91 9631155933 और +91 9798 114740 जारी



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में पेयजल से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत एवं गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में उपायुक्त ने जिले में बढ़ती गर्मी में उत्पन्न पेयजल संकट की संभावनाओं को गंभीरता से लेते हुए विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्र में जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा खराब पड़े चापानल, कुओं एवं जलमीनारों की मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर अविलंब पूर्ण किया जाए।उपायुक्त ने सभी प्रखंडों से उन क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की, जहां ग्रीष्मकाल में जल स्तर अत्यधिक नीचे चला जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक जलापूर्ति की ठोस एवं स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।जनसहभागिता को बढ़ावा देने त्वरित समस्या समाधान के उद्देश्य से उपायुक्त द्वारा पेयजल समस्याओं के निवारण हेतु हेल्पलाइन नंबर +91 9631155933, +91 97981 14740 जारी किया गया है। इस नंबर पर जिले के नागरिक कॉल कर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं, जिनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में संचालित महत्वपूर्ण जलापूर्ति योजनाओं की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इनमें साहिबगंज मेगा जलापूर्ति योजना, साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना, तालझारी पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना, बोरियो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना, मंडरो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना तथा साहिबगंज-गोड्डा-दुमका मल्टी विलेज स्कीम शामिल हैं। उन्होंने इन योजनाओं की वर्तमान स्थिति, भौतिक व वित्तीय प्रगति पूर्ण हो चुकी योजनाओं प्रक्रियाधीन कार्यों और हैंडओवर लंबितपरियोजनाओं की विस्तृत जानकारी संबंधित कार्यपालक अभियंता से प्राप्त की।उपायुक्त श्री दुबे ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी अपूर्ण योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में अब तक कितने घरों को पाइप जलापूर्ति से जोड़ा गया है।इसकी भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाने एवं शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने पर जोर दिया।ताकि प्रत्येक घर तक स्वच्छ सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए जिससे कार्यों की प्रगति की समीक्षा सतत रूप से की जाती रहे। साथ ही जनहित से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता गौरव कुमार सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं संबंधित संवेदक उपस्थित थे।

## राशन वितरण में गड़बड़ी का आरोप, अंगूठा लगवाकर नहीं दिया जा रहा अनाज



संवाददाता

**साहिबगंज :** तालझाड़ी प्रखंड के करनपुरा पंचायत अंतर्गत जमालपुर गांव में जन वितरण प्रणाली पीडीएस दुकान के डीलर पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगा है। दर्जनों राशन कार्डधारियों ने शिकायत की है कि हर माह ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर रसीद दे दी जाती है। लेकिन तत्काल अनाज का वितरण नहीं किया जाता। एक माह बाद अनाज देने की बात कहकर टाल दिया जाता है, जिससे आदिवासी पहाड़िया समाज के लाभुकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।समय पर अनाज नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी ग्रामीणों का कहना है कि पहाड़ी क्षेत्र में खेती-बाड़ी नहीं होने के कारण वे पूरी तरह सरकारी राशन पर निर्भर हैं।समय पर अनाज नहीं मिलने से परिवार के सामने भोजन का संकट खड़ा हो जाता है।बच्चों के भरण-पोषण में भी कठिनाई होती है।इधर,मामले की शिकायत सैकड़ों कार्डधारियों ने पंचायत की मुखिया पुतुल देवी से की। इसके बाद मुखिया प्रतिनिधि निखिल यादव और पंचायत सचिव मीनाक्षी एक्का मौके पर पहुंचे और डीलर मरांगमय हेम्ब्रम से पूछताछ की। जांच के दौरान गोदाम लगभग खाली पाया गया,जबकि उसी समय कई लाभुकों से ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाया जा रहा था और रसीद दी जा रही थी।डीलर ने आपूर्ति में कमी को बताया कारण डीलर मरांगमय हेम्ब्रम ने सफाई देते हुए कहा कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा समय पर और पूर्ण मात्रा में अनाज उपलब्ध नहीं कराया जाता है।कागज पर जितनी मात्रा दर्शाई जाती है।उतनी आपूर्ति नहीं होती,जिसके कारण सभी लाभुकों को एक साथ अनाज देना संभव नहीं हो पाता और अगले माह समायोजन कर वितरण किया जाता है।पंचायत सचिव मीनाक्षी रागिनी एक्का ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों की गलती सामने आ रही है।बिना अनाज लिए अंगूठा लगाना गलत है,वहीं बिना वितरण के बायोमेट्रिक लेना भी नियमों के खिलाफ है।उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट तैयार कर वरीय अधिकारियों को सौंपी जाएगी, जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और यह स्पष्ट होना बाकी है।कि अनियमितता में किसकी भूमिका है या इसके पीछे कोई अन्य कारण या बिचौलियों की संलिप्तता है।

## सभी खिलाड़ी पूरे समर्पण के साथ बेहतर प्रदर्शन करें : उपायुक्त



संवाददाता

**साहिबगंज :** खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन साहिबगंज के संयुक्त प्रयास से संचालित खेलो इंडिया कुश्ती सेंटर, चांद भैरव इंडोर स्टेडियम, साहेबगंज के 05 खिलाड़ियों का चयन 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में आयोजित होने वाली 17वीं राष्ट्रीय सब जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता हेतु झारखंड टीम में किया गया है।चयनित खिलाड़ियों में ऋषि कुमार चौधरी 48 किलोग्राम वर्ग अंकुश कुमार 51 किलोग्राम वर्ग, सोनू कुमार 65 किलोग्राम वर्ग, फ्री स्टाइल, करण कुमार 51 किलोग्राम वर्ग, ग्रीको रोमन) एवं श्रुति कुमारी 57 किलोग्राम वर्ग, फ्री स्टाइल शामिल हैं।महाराष्ट्र रवाना होने से पूर्व समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री दीपक कुमार दुबे ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के लिए गौरव की बात है। और सभी खिलाड़ी पूरे समर्पण के साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करें।इस अवसर पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष, कुश्ती कोच श्री प्रकाश सिंह बादल सहित अन्य पदाधिकारी एवं संबंधित उपस्थित थे।

## नगर परिषद अध्यक्ष ने जनहित के कार्यों के लिए दोहराई प्रतिबद्धता

**साहिबगंज :** ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शिष्टमंडल ने शुक्रवार को अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान से मुलाकात कर उनका अभिनंदन करते हुए उन्हें शहर की प्रमुख समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें शहर पूर्व से निर्मित व बंद पड़े शौचालयों के संचलान कराने, शहर के कई स्थानों पर सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराने, शहर में बंद अधिकांश सोलर स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने, हाट-बाजार व पार्किंग की नीलामी पारदर्शिता, शहर के कुआं संरक्षण व पुनर्स्थापन, नालियों की गहन सफाई व रोग नियंत्रण, जर्जर सड़कों की मरम्मत, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, पर्याप्त कूड़ेदान की व्यवस्था, यातायात एवं अतिक्रमण नियंत्रण, खुले मेन हॉल व क्षतिग्रस्त ढक्कनों की मरम्मत, पार्कों का विकास, आवारा कुत्तों का नियंत्रण, आवारा पशुओं का प्रबंधन, सामान्य स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, पेयजल आपूर्ति सुदृढ़करण की मांग की गई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान ने चैंबर शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए उनके ज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए एक एक बिंदु पर चर्चा की। साथ ही आश्वस्त किया कि जनहित के कार्यों को लेकर संजीदा हैं। जनता ने उन्हें शहर के विकास के लिए ही चुना है।

## मोतीलाल साह कैंसर से पीड़ित थे इलाज के अभाव में हुआ निधन

**साहिबगंज :** संध्या इंटरमीडिएट कॉलेज के भौतिकी के व्याख्याता एवं वित्त रहित मोर्चा के सदस्य मोतीलाल साह के निधन पर शुक्रवार को कॉलेज परिसर में शोकसभा हुई।प्राचार्य शंभूनाथ पाठक की उपस्थिति में शिक्षकों व कर्मियों ने दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।प्राचार्य ने उनके शिक्षा के प्रति समर्पण व संगठन को लेकर उनके किये गए कार्यों को याद किया।उन्होंने बताया कि मोतीलाल साह कैंसर से पीड़ित थे इलाज हेतु खर्च के अभाव में उनका निधन हो गया।जो अति दुखदाई, कष्टदाई है।उनका आकस्मिक निधन शिक्षा जगत व शिक्षकों के मोर्चा के लिए अपूरणीय क्षति है।उन्होंने कहा कि वित्त रहित संस्थानों में कार्य करने वाले शिक्षक कर्मचारियों का पैसे के अभाव में निधन से पूरा मोर्चा परिवार मर्माहत है और सरकार से मांग करता है कि पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा दें।मोर्चा अपने साथियों के इस प्रकार से निधन को लेकर सरकार के वित्त रहित कर्मचारियों के प्रति असंवेदन शील नीति के खिलाफ संघर्ष करेगा।मोर्चा की बैठक में इस मुद्दे को लेकर आगे की रणनीति भी तय की जाएगी।सभी ने इस दुख की घड़ी में ईश्वर से उनके परिवार को सहन शक्ति देने की कामना की।

## अपर समाहर्ता ने किया जिला स्तरीय अस्मिता सिटी लीग खेल का उद्घाटन




संवाददाता

**साहिबगंज :** खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग,झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन साहिबगंज द्वारा जिले में विभिन्न खेलों में महिलाओं की भागेदारी बढ़ाने को लेकर 24 एवं 25 अप्रैल को दो दिवसीय जिला स्तरीय अस्मिता सिटी लीग खेल प्रतियोगिता अंतर्गत चेस, कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स का आयोजन किया जा रहा है। फूलों झानो इनडोर स्टेडियम में गौतम कुमार भगत,अपर समाहर्ता ,साहेबगंज ने दीप प्रज्ज्वलित एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत उद्घाटन किया।अपर समाहर्ता₹ गौतम कुमार भगत ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए बालिकाओं को पढ़ाई के साथ साथ खेल में शामिल होने हेतु प्रेरित किया, राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने,प्रशिक्षण हेतु एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी समेत अन्य खेलों हेतु हर संभव मदद की जा रही है। इसके लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। बालिकाओं की अधिक से अधिक भागेदारी को लेकर अस्मिता सिटी लीग आयोजित की जा रही है।इस मौके पर आयोजक जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष ने स्वागत संबोधन किया सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान समेत अन्य मौजूद थे।वहीं आयोजन में खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी , दिलीप कुमार भगत, चेस समन्वयक,खेल शिक्षक का सराहनीय सहयोग रहा। प्रतियोगिता के पहले दिन चेस एवं कुश्ती के मैच आयोजित किए गए जिसके परिणाम निम्नवत हैं।विजेता प्रतिभागियों को जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष ने मेडल, सर्टिफिकेट प्रदान किया।परिणाम चेसबालिका अंडर 12क्षप्रथम कृति कुमारी द्वितीय पलक कुमारी,तृतीय पूर्णिमा गुप्ता बालिका अंडर 14 चेस प्रथम आयशा राजा,द्वितीय सोहानी तृतीय समीक्षा,बालिका अंडर 19 चेस प्रथम सुहानी कुमारी,द्वितीय मेघा,तृतीय नेहा

कुश्ती

बालिका अंडर14 33 किलो वर्ग- रानी कुमारी प्रथम

33 किलो वर्ग-सोमी कुमारी द्वितीय,36 किलो वर्ग- प्रतिज्ञा कुमारी प्रथम 36 किलो वर्ग- दिव्यांशी कुमारी द्वितीय 39 किलो वर्ग आर्या कुमारी प्रथम

39 किलो वर्ग संजना कुमारी द्वितीय 42 किलो वर्ग सीता कुमारी प्रथम 42 किलो वर्ग खुसी कुमारी द्वितीय,48 किलो वर्ग छोटी कुमारी प्रथम 48 किलो वर्ग काजल कुमारी द्वितीय ,अंडर-17 बालिका53 किलो वर्ग श्रुति कुमारी प्रथम,40 किलो वर्ग- मुस्कान कुमारी प्रथम प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रातः 6:00 बजे से बालिका अंडर 14 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु तक एथलेटिक्स अंतर्गत 100 मी.,200 मी., लंबीकूद, ऊंची कूद एवं शॉटपुट और बालिका अंडर 14 वर्ष,17 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु तक के लिए कबड्डी प्रतियोगिता सिदो कान्हु स्टेडियम, साहिबगंज में आयोजित की जाएगी।

---

न्यूज IN ब्रीफ

### एबीसी कोचिंग सेंटर के छात्र ने जिला में तीसरा स्थान प्राप्त किया



**साहिबगंज/बोरियो :** जैक दसवीं बोर्ड परिणाम में एबीसी कोचिंग सेंटर के छात्र विवेक कुमार ने 482 अंक लाकर जिला में तीसरा स्थान एवं प्रखंड क्षेत्र में पहला स्थान प्राप्त करने एवं अन्य छात्र छात्राए निताय कुमार ने 464,नसरीन खातून ने 436,फैजान असद 435 फलक आफरीन 412,ललन कुमार 408, नावेद अंसारी 398,अशफाक अंसारी 385,फहमीदा खातून 380, सितारा परवीन 367 अंक लाकर एबीसी कोचिंग सेंटर के छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोरियो थाना के एएसआई देव नारायण साहू शामिल हुए।जहां उन्होंने अपने हाथों से छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान थाना प्रभारी रोहित कुमार ने जिला के टॉप 3 शामिल होने एवं अन्य छात्रों ने बेहतर स्थान प्राप्त करने पर विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए संदेश भेजकर शुभकामनाए दी।आगे की पढ़ाई के बारे में उत्साह वर्द्धन किया।इस मौके पर कोचिंग सेंटर के संचालक इजहार आलम,उप संचालक इकबाल अंसारी, मुश्ताक अंसारी,इंजमाम,इम्तियाज अंसारी,सत्तार अंसारी सहित अन्य शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद थे।

### अपर समाहर्ता ने लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त दीपक कुमार दुबे के निदेर्शानुसार समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।जनता दरबार में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से अपर समाहर्ता को अवगत कराया। अपर समाहर्ता ने लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

### प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खेती करने से उत्पादन लागत में कमी आती है : संजय



**साहिबगंज :** धरती बचाओ अभियान के अंतर्गत राजमहल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कृषकों के बीच संतुलित उर्वरक उपयोग को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम आत्मा, साहेबगंज के तत्वावधान में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कृष्ण रंजन एवं कृषि समन्वयक निकेश कुमार द्वारा किसानों को संतुलित उर्वरक के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि असंतुलित उर्वरक के प्रयोग से मृदा की उर्वरता घटती है।जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभों से अवगत कराया गया और इसके माध्यम से सही मात्रा में उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही, हरी खाद, गोबर खाद, जैव उर्वरक, वर्मी कंपोस्ट एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिले।विशेषज्ञों ने बताया कि जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खेती करने से उत्पादन लागत में कमी आती हैं ।भूमि की गुणवत्ता दीर्घकालीन रूप से बेहतर बनी रहती है।

### अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रख : उपायुक्त

देवघर : जिले में बढ़ती गर्मी और हिट वेव को लेकर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें और प्रयास करें कि दोपहर 12 बजे से 04 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचे। धूप में निकलने की स्थिति में छाता, गमछा या टोपी का प्रयोग अवश्य करें। बच्चों, बुजुर्गों व बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें।

### दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**दुमका :** जिला खेल कार्यालय एवं जिला प्रशासन, दुमका के तत्वावधान में दो दिवसीय अस्मिता लीग 2026 बैडमिंटन, तीरंदाजी (आर्चरी) एवं बास्केटबॉल जैसे खेलों के प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। जिनमें जिले के प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में पहुंच कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ज्ञातव्य हो कि तीरंदाजी प्रतियोगिता कमर दुधानी स्पोर्टस काम्प्लेक्स के आर्चरी मैदान में संपन्न हुआ जहां उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने सफल खिलाड़ियों को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया, अपने अभिभाषण में उन्होंने कहा कि जो भी खिलाड़ी ईमानदारी से अपना समय खेल को देते वो जरूर सफल होते हैं। उन्होंने 10000 ऑवर के नियम को भी सभी खिलाड़ियों के साथ साझा किया एवं अपने जीवन में इस नियम को अपनाने की भी प्रेरणा दी।

# राइडर कप 2027: टाइगर वुड्स के इंकार के बाद जिम फ्यूरिक बने अमेरिका टीम के कप्तान

एजेंसी



**न्यूयॉर्क/लिमरिक :** अमेरिका के अनुभवी गोल्फर जिम फ्यूरिक को 2027 राइडर कप के लिए यूएस टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यह टूनामेंट आयरलैंड के लिमरिक स्थित अडारे मैनर में खेला जाएगा। यह फैसला उस समय आया जब दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स ने इस भूमिका को स्वीकार करने से इंकार कर दिया। 55 वर्षीय फ्यूरिक, जो पीजीए टूर पर 17 खिताब जीत चुके हैं, इससे पहले 2018 में पेरिस में भी राइडर कप में अमेरिका के कप्तान रह चुके हैं, जहां टीम को हार का सामना करना पड़ा था। वह कीगन ब्रैडली की जगह इस पद पर आए हैं।

फ्यूरिक अब जैक निकलॉस, टॉम वॉटसन और डेविस लव तृतीय के बाद ऐसे चौथे अमेरिकी कप्तान बन गए हैं जिन्हें दूसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। फ्यूरिक ने पीजीए ऑफ अमेरिका की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ह्लदूसरी बार यूएस राइडर कप टीम का कप्तान बनना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं कि खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सही माहौल और रणनीति प्रदान करूं, ताकि हम यूरोपीय जमीन पर कप वापस जीत सकें। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वह अपने पिछले अनुभव का उपयोग करते हुए कुछ नए विचारों को भी शामिल करेंगे। गौरतलब है कि अमेरिका ने आखिरी बार 1993 में यूरोप में राइडर कप जीता था। 2018 में मिली हार के बाद फ्यूरिक की कप्तानी पर सवाल उठे थे, खासकर टीम चयन और रणनीति को लेकर। हालांकि, उन्होंने 2024 प्रेसिडेंट्स कप में अमेरिका को लगातार 10वीं जीत दिलाकर अपनी नेतृत्व क्षमता साबित की। दूसरी ओर, टाइगर वुड्स इस पद के लिए सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन उन्होंने हाल ही में एक सड़क दुर्घटना और नशे में ड्राइविंग के आरोप के बाद स्वास्थ्य कारणों से खुद को इस जिम्मेदारी से दूर रखा है। पीजीए ऑफ अमेरिका ने बताया कि वुड्स फिलहाल इलाज पर ध्यान देना चाहते हैं।

यूरोपीय टीम की कप्तानी एक बार फिर ल्यूक डोनाल्ड को सौंपी गई है, जो लगातार तीसरी बार यह जिम्मेदारी निभाएंगे। उनका लक्ष्य अपनी टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाना है। 2027 राइडर कप का आयोजन 17 से 19 सितंबर के बीच किया जाएगा, जहां फ्यूरिक की अगुवाई में अमेरिकी टीम यूरोप में जीत का सूखा खत्म करने की कोशिश करेगी।

# दूसरी बार पिता बने एटली

**बेटी के जन्म पर अनन्या पांडे-काजल अग्रवाल समेत तमाम सेलेब्स ने दी बधाई**



## अभिषेक पाठक और शिवालिका ओबेरॉय के घर आई नन्ही परी

### पहली बार बने माता-पिता

बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर अभिषेक पाठक और अभिनेत्री शिवालिका ओबेरॉय ने अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की। इस कपल ने बेबी गर्ल का स्वागत किया है। पहली बार माता-पिता बनने की खुशी को कपल ने अपने फैंस के साथ साझा किया। जिसके बाद से बधाइयों की झड़ी लग गई। बेटी के जन्म की खुशी को अभिषेक और शिवालिका ने एक साथ सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा किया। उन्होंने लिखा, ''एक ही पल में हमारी जिंदगी का मतलब बदल गया है और अब हमारा दिल एक नए प्यार से भर गया है। बहुत सारे प्यार और आभार के साथ, हम अपनी प्यारी बच्ची का स्वागत करते हैं।'' इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, ''19 अप्रैल 2026... हमारी छोटी देवी 'लक्ष्मी' एक शुभ दिन पर आई है। यह हमारे जीवन का सबसे खूबसूरत आशीर्वाद है। इस खास मौके पर कई सेलिब्रिटीज ने भी कपल को शुभकामनाएं दीं। एक्ट्रेस इशिता दत्ता ने कमेंट करते हुए उन्हें बधाई दी और प्यार भरे इमोजी साझा किए। वहीं आहना कुमरा ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कपल को इस नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा, कई फैंस और फिल्मी सितारों ने कमेंट सेक्शन में बधाइयां भेजी। बता दें कि इस कपल ने दिसंबर 2025 में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट करते हुए उन्होंने कई तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें से एक तस्वीर में दोनों एक-दूसरे को गले लगाए नजर आए थे और शिवालिका ने छोटे-छोटे बेबी सॉक्स हाथ में पकड़े हुए थे।

# ला लीगा 2025-26: बेटिस ने रियल मैड्रिड को 1-1 से रोका, बार्सिलोना खिताब के करीब

एजेंसी



**सेविल :** ला लीगा 2025-26 में रियल मैड्रिड को रियल बेटिस के खिलाफ शुक्रवार रात 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा, जिससे उसकी खिताबी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। मुकाबले के अंतिम क्षणों में हेक्टर बेल्लेरिन के गोल ने रियल मैड्रिड से जीत छीन ली। मैच के 17वें मिनट में रियल मैड्रिड ने बढ़त बनाई। फेडेरिको वाल्वरडे के दूर से लगाए गए शॉट को बेटिस के गोलकीपर अल्वारो वायेस ठीक से नहीं रोक पाए और गेंद विनीसियस जूनियर के पास पहुंची, जिन्होंने शानदार फिनिश करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद जूड बेलिंगहैम के पास बढ़त दोगुनी करने का मौका था, लेकिन वह चूक गए। पहले हाफ के अंत तक बेटिस ने वापसी की कोशिश की, लेकिन रियल के गोलकीपर आंद्रे लुनिन ने कई बेहतरीन बचाव कर टीम को बढ़त दिलाए रखी। दूसरे हाफ में रियल मैड्रिड ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन कई मौके गंवा दिए। किलियन एम्बाप्पे का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के पास पर आसान मौका गंवाया, वहीं उनका एक गोल ऑफसाइड करार दिया गया। लुनिन ने 65वें मिनट में कुचो हर्नांडेज के खिलाफ शानदार एक हाथ से बचाव किया और फिर नातान के शॉट को भी रोका। विनीसियस जूनियर भी एक आसान मौका गंवा बैठे, जिससे रियल बढ़त को सुरक्षित नहीं कर सका। इसका खामियाजा टीम को 93वें मिनट में भुगतना पड़ा। फेरलैंड मेंडी से गेंद छिनने के बाद एंटनी ने हमला बनाया और गेंद बेल्लेरिन के पास पहुंची, जिन्होंने भीड़ के बीच से लो शॉट लगाकर गोल कर दिया। मैच के बाद बेल्लेरिन ने कहा, ह्लऐसी स्थिति में ज्यादा सोचने का समय नहीं होता। मैं आमतौर पर दूर से शॉट नहीं लगाता, लेकिन इस बार मौका मिला और गेंद गोल में चली गई। उन्होंने आगे कहा, ह्लमुझे लगता है कि हमने मैच में अच्छा नियंत्रण रखा और हमें एक अंक से ज्यादा मिलना चाहिए था। जीत नहीं मिलना थोड़ा निराशाजनक है, लेकिन यह अच्छा परिणाम है। इस ड्रॉ के बाद बार्सिलोना 82 अंकों के साथ शीर्ष पर है और दूसरे स्थान पर काबिज रियल मैड्रिड से आठ अंक आगे है। बार्सिलोना के पास एक मैच अतिरिक्त है और वह गेटाफे के खिलाफ जीत दर्ज कर अपनी बढ़त को 11 अंक तक बढ़ा सकता है।

अब रियल मैड्रिड को खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए बाकी मैचों में लगभग परफेक्ट प्रदर्शन करना होगा, जबकि 10 मई को कैंप नोउ में होने वाला एल

# आईपीएल 2026: विराट कोहली के सिर फिर सजी ऑरेंज कैप



**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की गुजरात टाइटंस पर पांच विकेट की जीत के बाद ऑरेंज कैप की दौड़ में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के दम पर विराट कोहली एक बार फिर शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने ओपनिंग करते हुए 44 गेंदों में 81 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 14वें ओवर तक बल्लेबाजी करते हुए टीम की जीत की मजबूत नींव रखी और ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्न भी बने। इस पारी के साथ कोहली अब 7 पारियों में 328 रन बनाकर ऑरेंज कैप की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा (323 रन) को पीछे छोड़ा। तीसरे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन (320 रन) हैं, जबकि गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल 297 रन के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। गिल ने इस मैच में 24 गेंदों पर 32 रन बनाए, जिससे वह चेन्नई सुपर किंग्स के संजू सैमसन को पीछे छोड़ते हुए ऊपर आ गए। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार भी इस मुकाबले के बाद सूची में आगे बढ़े हैं। हालांकि उन्होंने इस मैच में सिर्फ 8 रन बनाए, लेकिन कुल 238 रन के साथ वह ईशान किशन के बराबर पहुंच गए हैं। स्ट्राइक रेट के आधार पर पाटीदार आठवें और किशन नौवें स्थान पर हैं।


# मां नहीं बनना चाहती थीं पत्रलेखा?



**एक्ट्रेस** पत्रलेखा बीते कुछ दिनों से सुर्खियों में हैं। अब हाल ही में उन्होंने मां बनने को लेकर अनपी भावनाओं पर बात की है। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा। राजकुमार राव की पत्नी और एक्ट्रेस पत्रलेखा कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर चर्चाओं में हैं। हाल ही में मां बनने के बाद वे पब्लिक में नजर आईं थीं, जिसके बाद कुछ लोगों ने मां बनने के बाद उनमें हुए बदलावों को लेकर ट्रोल किया था। इसके बाद एक्ट्रेस ने एक स्टोरी के जरिए उन्हें कड़ा जवाब दिया था। अब एक्ट्रेस ने अपने मां बनने के अनुभव पर खुलकर बात की है। हाल ही में एक इंटरव्यू में पत्रलेखा ने कहा, 'मैं हमेशा सोच रही थी। शायद मैं मां नहीं बनना चाहती थी। शायद आपको कभी-कभी समझ नहीं आता। लेकिन अब मेरा बच्चा मेरे साथ है, जो काफी अच्छी फीलिंग है। मुझे लगता है मैं अपने इस वक्त अपने बेस्ट वर्जन में हूं।

### पत्रलेखा की डेब्यू फिल्म बतौर प्रोड्यूसर

बता दें कि पत्रलेखा ने हाल ही में 'टोस्टर' फिल्म को प्रोड्यूस किया है। ये फिल्म बतौर प्रोड्यूसर पत्रलेखा की पहली फिल्म थी। मूवी 15 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। पत्रलेखा ने पहली बार मूवी प्रोड्यूस करने पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'हां, प्रोड्यूसर बनना एक शानदार और कठिन काम है। लेकिन ये सबसे जरूरी चीज मेरे साथ हुई है, वो है मां बनना।



**'माता-पिता ने कई बार...', सिंगर जैस्मीन सैंडलस ने बताए अपने स्ट्रगल्स, कहा-**

# 'मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी'



**हाल** ही में उन्होंने अपने स्ट्रगल को लेकर खुलकर बात की। जैस्मीन सैंडलस ने 'धुरंधर' फिल्म में कई गानें दिए हैं, जैसे- 'धुरंधर का टाइटल ट्रैक', 'शरारत', 'मैं और तू।' इनमें से सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी 'धुरंधर 2' के गाने 'जाइए सजना' ने बटोरी। इस गानें पर उनका लाइव परफॉर्मेंस भी काफी वायरल हुआ। अब हाल ही में उन्होंने स्ट्रगल्स को लेकर खुलकर बात की। आइए जानते हैं, उन्होंने क्या कुछ कहा। जैस्मीन ने कहा, 'मैंने काफी स्ट्रगल किया है। मुझे लगता है कि बड़े होते हुए मैंने अपनी जिंदगी के कई ऐसे दौर देखे, जहां मुझे चीजों को खुद समझना पड़ा। वो सफर आसान नहीं था। जिंदगी में बहुत कुछ होता है। यह माता-पिता के लिए भी मुश्किल होता है, लेकिन बच्चों के लिए भी। हमें सही मार्गदर्शन और प्यार की जरूरत होती है... माता-पिता बच्चों के साथ इतने सख्त क्यों होते हैं?'

### मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी

उन्होंने आगे कहा, 'जब जिंदगी सच में मुश्किल होती है, तब आपको सहारे की जरूरत महसूस होती है। उन 2-3 वर्षों में जब मैं शराब पीती थी, मुझे अपने कुछ फैसलों का अफसोस है। बहुत सारी चीजें एक साथ हो रही थीं। एक तरफ मैं मशहूर हो रही थी, दूसरी तरफ अंदर से बहुत कुछ महसूस कर रही थी, परिवार में समस्याएं थीं, मेरे पिता नहीं रहे थे, और मैं सफल भी थी। मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी, जिसका मुझे अफसोस है, लेकिन उस समय मेरे लिए वो जरूरी लग रहा था।'

### माता-पिता से कई बार दर्द मिला

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन में अपने माता-पिता से कई बार दिल टूटने का दर्द मिला। उन्होंने अनजाने में कई बार मेरा दिल दुखाया, इसलिए कहीं न कहीं मन में थोड़ी नाराजगी भी है। मैं उनसे प्यार करती हूं, लेकिन जब एक बच्चे का दिल टूटता है, तो वह टूट ही जाता है। जब आपके पास ऐसी कोई सुरक्षित जगह नहीं होती, जहां आप जा सकें, तो आप हर जगह पागलों की तरह अपना घर ढूंढने लगते हैं। मैंने भी पूरी जिंदगी यही किया, बस एक अपनापन ढूंढती रही।'

# सलमान के सामने डांस करने से घबराए वरुण

**वरुण** धवन ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' के सेट का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें सुपरस्टार सलमान खान नजर आए। वरुण ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' के पहले गाने 'ब्याह करवा दो जी' का बिहाइंड द सीन्स वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सलमान के साथ डेविड धवन और मनीष पॉल भी नजर आए। सलमान खान और डेविड धवन के बीच काफी समय से प्रोफेशनल रिलेशन है। सलमान ने डेविड के डायरेक्शन वाली 'जुड़वा' और 'मुझसे शादी करोगी' जैसी फिल्मों में काम किया है। इसी वजह से सलमान और वरुण धवन के बीच भी अच्छी बॉन्डिंग देखी जाती है। वीडियो सामने आने के बाद यह कयास भी लगाए जा रहे हैं कि सलमान फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में कैमियो कर सकते हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि सलमान पहले भी वरुण धवन की फिल्मों 'जुड़वा 2' और 'बेबी जॉन' में कैमियो कर चुके हैं। वरुण की यह अपकमिंग फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।


# मम्मा कहने पर भड़कीं श्रुति



एक्ट्रेस और सिंगर श्रुति हासन हाल ही में मुंबई में पैपरजी पर बुरी तरह भड़क गईं। यह वाकया एक रेस्टोरेंट के बाहर हुआ, जहां श्रुति डिनर के लिए पहुंची थीं। शख्स ने उन्हें 'मम्मा' कहकर बुलाया, ये सुनते ही श्रुति का पारा चढ़ गया और उन्होंने तुरंत वहां अपना गुस्सा उतार दिया। घटना के वीडियो में श्रुति हासन जब रेस्टोरेंट से बाहर निकलकर अपनी कार की तरफ बढ़ रही थीं, तभी वहां मौजूद फोटोग्राफर्स ने उन्हें कवर करना शुरू कर दिया। इसी बीच भीड़ में से किसी ने उन्हें 'मम्मा' कहा। श्रुति इसी बात पर बिफर गईं। वीडियो में श्रुति काफी गुस्से में नजर आ रही हैं। उन्होंने तुरंत पैपरजी की तरफ मुड़कर पूछा, 'कौन है मम्मा? तुम्हारी मम्मा है? क्या बक रहे हो तुम?' इसके बाद एक्ट्रेस ने अपनी कार चेक की और बिना पोज दिए तुरंत वहां से निकल गईं।

# मुनमुन दत्ता ने बताया समर मॉर्निंग रूटीन का राज

### पेट की सेहत के लिए शेयर किए खास देसी ड्रिंक



गर्मियों का मौसम आते ही लोग अपनी सेहत को लेकर ज्यादा सतर्क हो जाते हैं। खासतौर पर इस मौसम में पाचन संबंधी परेशानियां ज्यादा होती हैं, इसलिए खानपान पर ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में कई सेलेब्रिटीज भी अपने हेल्दी रूटीन को फैंस के साथ साझा करते रहते हैं। इसी कड़ी में टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री मुनमुन दत्ता ने अपने समर मॉर्निंग रूटीन की एक झलक सोशल मीडिया पर शेयर की, जो अब खूब चर्चा में है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता का किरदार निभाकर घर-घर में पहचान बना चुकीं मुनमुन दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि वह सुबह की शुरुआत किस तरह से करती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी एक वीडियो और कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें उनके हेल्दी नाश्ते की झलक देखने को मिल रही है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''मैंने सुबह के लिए एक ऐसी ड्रिंक तैयार की है, जो पेट की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है और शरीर को अंदर से मजबूत बनाती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि मुनमुन छाछ से कुछ बना रही हैं, जिसे वह पेट की सेहत के लिए बेहतरीन ड्रिंक बता रही हैं। इसे बनाते समय उन्होंने उसमें बारीक कटा हुआ प्याज और हरा धनिया समेत कई चीजों को मिलाया। इसके अलावा, मुनमुन ने एक तस्वीर के जरिए एक और खास ड्रिंक के बारे में जानकारी दी, जिसे रागी अंबली कहा जाता है। उन्होंने कैप्शन में बताया, ''यह देसी पेय पाचन को बेहतर बनाता है। साथ ही यह गर्मियों में शरीर को ठंडक पहुंचाने का भी काम करता है। यह शरीर को हल्का महसूस कराता है।'' मुनमुन दत्ता अपने फिटनेस के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर व्यायाम और योग से जुड़े वीडियो और तस्वीरें साझा करती रहती हैं। उनका मानना है कि फिट रहने के लिए एक्सरसाइज के साथ-साथ सही खानपान भी उतना ही जरूरी है। फैंस भी उनके इस हेल्दी लाइफस्टाइल को काफी पसंद करते हैं।

# समृद्ध किसान ही विकसित भारत के निर्माण में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिकाः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सच्चा वादा और पक्का काम, यही हमारी सरकार का संकल्प है। हमने किसानों से जो वादा किया, वह पूरा करके दिखाया है। जब हमारे खेतों से लेकर कारखाने तक समृद्धि आएगी, तभी हमारे किसान भी समृद्ध और खुशहाल होंगे। मप्र का समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रदेशवासियों को लाइव संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं प्रदेश के सभी किसानों को आश्वस्त करता हूं कि उनकी मेहनत, पसीना और आपका भविष्य हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों की समृद्धि ही मध्य प्रदेश की असली ताकत है। आइए, हम सब मिलकर ह्वकिसान कल्याण वर्षह्व में मध्य प्रदेश को कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की तीव्र गति के विकास का मुख्य आधार हमारे किसान भाई-बहन हैं। हमारी सरकार अन्नदाता की खुशहाली और उनकी समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हम न केवल किसानों की



आर्थिक उन्नति के लिए संकल्पित हैं, बल्कि उनके जीवन में सुख और आनंद के सूर्योदय का भी प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाये बिना प्रदेश के सर्वांगीण विकास की कल्पना अधूरी है। हमारी सरकार किसानों के हर सुख-दुख में साथ है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश सरकार निरंतर किसान हितैषी ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। आज मैं ऐसे विषय पर संवाद कर रहा हूं, जो हमारे प्रदेश की आत्मा, हमारे अन्नदाता से जुड़ा हुआ है। मध्य प्रदेश सरकार किसान हितैषी संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है और इसी भावना के साथ इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में समर्पित किया गया है।

उन्होंने कहा कि मैं प्रदेशवासियों से यह साझा करना चाहता हूं कि प्रदेश में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन को देखते हुए हमने केंद्र सरकार से खरीदी की सीमा बढ़ाने का आग्रह किया था। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि किसानों के हित को सर्वोपरि रखते हुए गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। यह 22 लाख मीट्रिक टन की अभूतपूर्व वृद्धि न केवल हमारे किसानों की मेहनत का सम्मान है, बल्कि उनकी आय को सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम भी है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से पूरे प्रदेश के छोटेझबड़े सभी किसान भाइयों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग पूरी तरह से खोली जा चुकी है। गेहूं उपार्जन अब सप्ताह में 6 दिन होगा और शनिवार को अवकाश नहीं रहेगा। उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन निर्बाध रूप से जारी रहेगा। साथ ही 30 अप्रैल तक होने वाली स्लॉट बुकिंग को अब 9 मई तक बढ़ा दिया गया है।

## यूपी होमगाड्र्स परीक्षाः जौनपुर में 19 केंद्रों पर 50 हजार अभ्यर्थी शामिल

एजेंसी

**जौनपुर :** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स के पदों के लिए पंजीकरण-2025 की लिखित परीक्षा शनिवार से जिले में शुरू हो गई। 19 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कुल 50,400 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा 27 अप्रैल तक संचालित होगी, जिसके लिए प्रशासन ने नकल विहीन आयोजन सुनिश्चित करने के व्यापक इंतजाम किए हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चल रही है। प्रत्येक पाली में करीब 8,400 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं। इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुश श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। अभ्यर्थियों को



बायोमेट्रिक सत्यापन और सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखे गए हैं। नकल रोकने के लिए प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं बाह्य परीक्षा सहायकों की तैनाती की गई है। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों को रिजर्व में रखा गया है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा के विशेष निर्देश दिए हैं। सभी केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि दूर-दराज से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। लू और तेज गर्मी से बचाव के लिए प्रत्येक केंद्र पर ओआरएस, इलेक्ट्रॉल पाउडर और आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे जरूरत पड़ने पर तुरंत प्राथमिक उपचार दिया जा सके। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रशासन ने परीक्षार्थियों के लिए गुड़ और पेठा जैसी राहत सामग्री की व्यवस्था भी कराई है, जिससे उन्हें भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

## घाटमपुर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग से एक की मौत, पांच झुलसे

एजेंसी

**कानपुर :** घाटमपुर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। तीन दुकानें आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गईं। हादसे में एक दुकानदार की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि परिवार के पांच अन्य सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के बेहटा बुजुर्ग इलाके स्थित दीना मार्केट में यह हादसा हुआ। यहां एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों रामकिशन (70), सत्यनारायण और रज्जन लाल की दुकानें हैं। इनमें एक किराने की, दूसरी कपड़ों की और तीसरी जनरल स्टोर है। आग कपड़ों की दुकान में लगी थी। दुकान के ऊपर ही पूरा परिवार रहता था।

सभी लोग रोज की तरह दुकान बंद कर सोने चले गए थे। शनिवार सुबह दुकानों से धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और आग लगने की



सूचना दी।

घटना के दौरान रामकिशन मौके पर पहुंचे, लेकिन घने धुएं की चपेट में आकर बेहोश हो गए और जिंदा जलकर उनकी मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी गोमती, बेटा हरिओम, बहू श्रेया, चार माह का बच्चा शिवांश और भतीजी आयुषी झुलस गए।

सूचना पर दमकल विभाग की करीब आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और बगल के मकान से सीढ़ी लगाकर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। आग में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला गया।

घटना की जानकारी मिलते ही एसीपी रंजीत कुमार सिंह और एसडीएम अविचल प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र को रस्सियों से घेर दिया गया है।करीब छह घण्टों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सत्यनारायण के पुत्र अंकुर ने बताया कि आग में सब कुछ जलकर राख हो गया और उनके ताऊ रामकिशन की मौत हो गई। जबकि लाखों का माल जलकर खाक हो गया है। तहसीलदार अंकित पाठक ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### गुजरात में स्थानीय निकाय चुनाव का प्रचार थमा

**अहमदाबाद :** गुजरात में 26 अप्रैल को होने वाली स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं की चुनाव प्रक्रिया को लेकर शुक्रवार शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार पूरी तरह थम गया। इसके साथ मतदान से पहले के 48 घंटे के लिए आचार संहिता का सख्ती से पालन शुरू हो गया है। राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार अब उम्मीदवार और राजनीतिक दल सार्वजनिक सभाएं, रैलियां और किसी भी प्रकार का प्रचार नहीं कर सकेंगे। यह व्यवस्था इसलिए लागू की जाती है ताकि मतदाता बिना किसी दबाव और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सकें। प्रचार के अंतिम दिन सभी राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी। अहमदाबाद में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश पंचाल ने रोड शो किया। भाजपा के सांसद मनोज तिवारी और अभिनेता-नेता हितु कनोडिया ने भी प्रचार में भाग लिया। वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भी मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए जोरदार अभियान चलाया। इस बीच चुनाव आयोग द्वारा एजेंट नियुक्ति से जुड़े एक परिपत्र को रद्द किए जाने पर कांग्रेस ने विरोध जताया। गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा और उपाध्यक्ष डॉ. हेमांग वसावड़ा ने आयोग को पत्र लिखकर इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसा नहीं होने पर चुनाव प्रक्रिया अलोकतांत्रिक मानी जाएगी।

## मप्रः मुख्यमंत्री ने सागर में युवकों के डूबने की घटना पर दुख जताया, 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का ऐलान

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले के थाना बहेरिया के अंतर्गत ग्राम गुडा में युवकों के तालाब (क्रेशर खदान) में डूबने की दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार देर शाम सोशल मीडिया एक्स पर दुर्घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजन को यह अपार दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। दरअसल, शुक्रवार दोपहर बहेरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गुड़ा के पास बनी क्रेशर की खदान में 7 दोस्त नहाने पहुंचे थे। नहाते समय जब तनीश कोरी नाम का युवक डूबने लगा तो उसका दोस्त अभिषेक बचाने पहुंचा। उसके पीछे तेजराम भी गया और फिर तीनों डूब



गए। दुर्घटना में डूबे तीन युवकों में से एक युवक का शव निकाल लिया गया है। करीब नौ घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी दो लोगों का पता नहीं चल सका है। उनकी तलाश राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल (एसडीईआरएफ) की टीम कर रही है। मृतक की पहचान अभिषेक उर्फ अध्धा (20) निवासी कैंट क्षेत्र के रूप में हुई है। उसके दो साथी तनिश कोरी (19) और तेजराम पटेल (20) का अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। टीम उनकी सर्चिंग कर रही है।

मौके पर मौजूद शिवा वाल्मिकी ने बताया कि हम सभी दोस्त यहां नहाने के लिए आए थे। सभी ने नहाया। तनीश भाई अंदर था, थोड़ी ही देर बाद वह गहराई में डूबने लगा। उसको बचाने के लिए अभिषेक भाई पहुंचे। उनके पीछे तेजराम भी गया तो उसको पकड़ लिया। आयुष भी उसको बचाने गया तो हमने उसे पकड़ लिया। पैंट की मदद से बाहर निकाला। बाकी हम सब लोगों को बुलाने गए तो वो तीनों पानी में ही चले गए। तहसीलदार राहुल गौंड ने बताया कि दोस्त नहाने यहां आए थे। इनमें से तीन डूब गए। एक का शव मिला है। बाकी की तलाश की जा रही है। मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

## पटना में एडवोकेट्स एसोसिएशन के चुनाव में अनियमितता और गड़बड़ी की शिकायत

एजेंसी

**पटना :** दो दिन पहले जयपुर में बार काउंसिल के चुनाव में व्यापक धांधली की खबरें आयी और अब पटना में एडवोकेट्स एसोसिएशन के चुनाव में भी भयंकर अनियमितता और गड़बड़ी की शिकायत हुई है। उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार पवन कुमार ने इस संबंध में बिहार स्टेट बार काउंसिल में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने शिकायत पत्र में कहा है कि पटना में एडवोकेट्स एसोसिएशन के चुनाव में मतपत्र पर उनकी जगह किसी अन्य का फोटो था। इससे उनके पक्ष में मतदान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। एक अन्य शिकायत में लिखा है कि अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी ने चुनाव प्रचार के दौरान शताब्दी भवन में पैंतीस हजार रूपए दिए और दूसरी शिकायत में संयुक्त सचिव पद के उम्मीदवार पर आरोप लगाया गया है कि उसने धर्म के नाम पर खुल कर वोट मांगा तथा चुनाव अधिकारी को भी धर्म के नाम पर प्रभावित किया। स्मरण हो कि १९९५ में चुनाव आयोग और फिर सुप्रीम कोर्ट ने शिव सेना नेता बाल ठाकरे को धर्म के नाम पर वोट मांगने के आरोप में मतदाता सूची से नाम हटाया और भविष्य में चुनाव लड़ने पर रोक लगा दिया था। उनकी ओर से लगाये गये एक अन्य आरोप में कहा गया है कि एक प्रत्याशी ने उपाध्याय पद के उम्मीदवार को प्रभावित करने के लिए पांच हजार रूपए दिए। मतगणना में भी गड़बड़ी की शिकायत बार काउंसिल से की गई है,किसी भी केंद्र पर सीसीटीवी नहीं था, रोशनी की उचित व्यस्था नहीं की गई और मतउसप मध्य रात्रि में भी जारी रही जब फर्जी मतपत्र भी डाले गए। एक अन्य पत्र में कहा गया है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने २१ अप्रैल को चिट्ठी भेजी, जिसमें महिला आरक्षण की बात कही गई थी और २६ तथा २७ अप्रैल को सभी प्रभावित लोगों से वर्चुअल हियरिंग के बाद निर्णय लिया जाय,ऐसा कहा गया था,लेकिन २१ तारीख को ही परिणाम सार्वजनिक किया गया।

## सुपौल शहर में भीषण जाम से लोग परेशान, घंटों फंसे रहे वाहन

एजेंसी

**सुपौल :** सुपौल शहर में शुक्रवार को भीषण ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिली, जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के मुख्य बाजार और प्रमुख सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कई लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे। बताया जा रहा है कि दोपहर के समय बाजार में अचानक वाहनों की संख्या बढ़ने और सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जाम के कारण बाइक, ऑटो और चारपहिया वाहनों की लंबी लाइन लग गई, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी देरी हुई। जाम में फंसे कई वाहन चालकों ने बताया कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण अक्सर ऐसी स्थिति बन जाती है। खासकर बाजार क्षेत्र और मुख्य चौक-चौराहों पर पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से समस्या और बढ़ जाती है। भीषण गर्मी के बीच जाम में फंसे लोगों को और भी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग अपने जरूरी काम से जा रहे थे, लेकिन लंबे समय तक जाम में फंसने के कारण उन्हें काफी देरी हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की जरूरत है।

## बंगाल में हिमंत सरमा बोले- ज्ञानेश कुमार को मिलना चाहिए भारत रत्न

एजेंसी

**कोलकाता :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कमरहाटी में आयोजित एक राजनीतिक रैली को संबोधित करते हुए असम में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का संशोधन और सत्यापन चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता मजबूत करने के लिए आवश्यक है। सरमा ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों के लिए देश उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखेगा। उन्होंने कहा, ह्लभारत रत्न



मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को मिलना चाहिए, क्योंकि विशेष गहन पुनरीक्षण कराने में उनके योगदान को देश नहीं भूलेगा। असम के मुख्यमंत्री का यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि राज्य में नागरिकता, मतदाता पहचान और मतदाता सूची को लेकर लंबे समय से राजनीतिक बहस होती रही है। राष्ट्रीय नागरिक पंजी तथा अवैध घुसपैठ के मुद्दों के कारण यह विषय लगातार संवेदनशील बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची का नया और कठोर पुनरीक्षण किया जाए तो विसंगतियों को दूर करने में मदद मिलेगी तथा चुनाव प्रक्रिया की साख और मजबूत होगी।अपने संबोधन के दौरान सरमा ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों पर कथित हमलों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ह्लजब पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी, तब उम्मीदवारों पर हमला करने वालों को सबक सिखाया जाएगा।ह्व सरमा ने दोनों राज्यों में पार्टी की चुनावी संभावनाओं को लेकर भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी असम में 100 सीटें और पश्चिम

## न्यूज IN ब्रीफ

### शादी से वापस लौट रही कार पलटी, तीन की मौत

**सोनभद्र :** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की सुबह के वक्त वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर लोढ़ी के पास एक वैवाहिक कार्यक्रम से वापस लौटते समय एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने सभी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल कार चालक को बेहतर इलाज के ट्रामा सेंटर बीएचयू भेजा है।
पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने बताया की शुक्रवार को कोन थाना क्षेत्र के सासनई गांव से शादी के लिए बारात रायपुर थाना क्षेत्र के पौनी गांव से आयी थी। शादी के बाद रात्रि दो बजे आठ लोग जायलो कार में बैठकर अपने घर के लिए वापस निकले थे। सुबह 03.30 बजे यह लोग जैसे ही राबर्ट्सगंज लोढ़ी के पास पहुंचे, तभी चालक को नींद की झपकी आ गई जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को मेडिकल कालेज पहुंचाया।
मेडिकल कॉलेज में डाक्टरों ने कोन थाना क्षेत्र के सासनई गांव निवासी जितेंद्र साहनी (18), दिलीप पासवान (20) और नितेश यादव (25) को मृत घोषित कर दिया। अन्य सभी घायलों का इलाज किया जा रहा हैं। कार चालक छोटे लाल को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर बीएचयू भेज गया है। राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी हैं।

### हिमाचल में दो दिन हीट वेव का अलर्ट, 28 से 30 अप्रैल तक बारिश-आंधी से मिलेगी राहत

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है और हालात ऐसे हो गए हैं कि पहाड़ों में भी लोगों को तपिश का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई इलाकों में तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। ऊना सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। इसके अलावा भुंतर, सुंदरनगर और धर्मशाला जैसे शहरों में भी अधिकतम तापमान 33 से 36 डिग्री के बीच रहा, जो सामान्य से काफी ज्यादा है। मौसम विभाग ने साफ किया है कि आज 25 अप्रैल और कल 26 अप्रैल को गर्मी और अधिक तीखी रहने के आसार हैं, जिसके चलते दो दिनों के लिए हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है।गर्मी के इस बढ़ते असर का अंदाजा न्यूनतम तापमान से भी लगाया जा सकता है, जो लगातार बढ़ रहा है। कुकुमसेरी में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि इसके बाद ताबो में 8.4 डिग्री, कल्पा में 9.4 डिग्री, सराहन में 11.4 डिग्री, मनाली में 13.3 डिग्री, सेओबाग में 13.5 डिग्री और भरमौर में 14 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। इसके अलावा भुंतर में 15 डिग्री, सोलन में 16.5 डिग्री, सुंदरनगर में 17.6 डिग्री, ऊना और धर्मशाला में 18.2 डिग्री, मंडी में 18.3 डिग्री, नाहन में 18.8 डिग्री, शिमला और पालमपुर में 19 डिग्री, कांगड़ा में 20.3 डिग्री, बिलासपुर में 20.5 डिग्री, जुब्बड़हट्टी में 21 डिग्री, देहरा गोपीपुर में 22 डिग्री और पांवटा साहिब में 25 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। शिमला और मनाली जैसे हिल स्टेशनों में भी रातें सामान्य से करीब 6 डिग्री ज्यादा गर्म रिकॉर्ड की गई हैं, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही।
मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 25 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की गतिविधि हो सकती है, लेकिन 26 अप्रैल को पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 27 अप्रैल को फिर से कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि, 28, 29 और 30 अप्रैल को मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इन तीन दिनों में कई जगहों पर बारिश, आंधी और बिजली गिरने की आशंका है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।
मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अप्रैल के आखिरी दिनों में मौसम बदलेगा और इससे तापमान में गिरावट आएगी। बारिश और आंधी के चलते लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। फिलहाल, आज और कल के लिए जारी हीट वेव अलर्ट के बीच लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### छत्तीसगढ़ कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक 29 अप्रैल को

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद्( कैबिनेट)की अगली महत्वपूर्ण बैठक बुधवार, 29 अप्रैल, 2026 को बुलाई गई है। यह बैठक सवेरे 11:30 बजे से नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में राज्य के विकास कार्यों, नई योजनाओं की प्रगति और जनहित से जुड़े कई संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा होनी है। मुख्यमंत्री के सचिवालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस बैठक में सभी विभागीय मंत्रियों का उपस्थित होना अनिवार्य है। बैठक में आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों, राजस्व विभाग के लंबित मामलों और विभिन्न सरकारी नियुक्तियों को लेकर अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। महानदी भवन में होने वाली इस चर्चा में विभागों द्वारा लाए गए नए अध्यादेशों और नीतिगत संशोधनों पर भी विचार किया जाएगा।पिछली बैठक में सरकार ने यूनिफॉर्म सिविल कोड की तैयारी, महिलाओं के नाम जमीन रजिस्ट्री में 50फीसदी छूट, सैनिकों को स्टाम्प ड्यूटी में राहत जैसे बड़े फैसले लिए थे।

### मुख्यमंत्री साय आज हज यात्रियों को हज किट का वितरण करेंगे

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज हज यात्रियों को हज किट का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 1 बजे मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह पहुंचेंगे। यहां राज्य स्तरीय हज किट वितरण और सम्मान समारोह में शामिल होंगे।यह कार्यक्रम हज यात्रा 2026 पर जाने वाले जायरीनों की सुविधा और सम्मान के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस किट में आमतौर पर हज यात्रियों की जरूरतों से संबंधित सामान जैसे कि बैग, तौलिया, जरूरी दवाइयां, छाता और सफर के दौरान उपयोगी अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल होती हैं। छत्तीसगढ़ से इस वर्ष लगभग 815 हज यात्री पवित्र यात्रा पर रवाना होंगे। इनका रवानगी कार्यक्रम 30 अप्रैल से शुरू हो रहा है, जहां वे नागपुर के रास्ते जेद्दा (सऊदी अरब) के लिए उड़ान भरेंगे। इस साल प्रदेश से चयनित 815 यात्रियों में लगभग 398 महिलाएं भी शामिल हैं। कार्यक्रम के बाद दोपहर 2 बजे सभागृह से रवाना होंगे। दोपहर 2:10 बजे वापस मुख्यमंत्री निवास पहुंचेंगे।

### धनियाखाली में कार से 2.10 लाख नकदी जब्त

**हुगली :** हुगली जिले के धनियाखाली क्षेत्र में चुनावी माहौल के बीच नकदी बरामदगी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार देर रात सोमसपुर दक्षिण शिमला गांव में स्थानीय लोगों ने एक संदिग्ध सफेद कार को घूमते देखा और शक होने पर उसे रोक लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और चुनाव आयोग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से कुल ?2,10,880 नकद बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, वाहन में मौजूद लोग इस पैसे के स्रोत के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद नकदी को जब्त कर लिया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पैसे का इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था।
इस घटना के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की उम्मीदवार असीमा पात्र ने आरोप लगाया कि यह पैसा भाजपा द्वारा वोटरों को प्रभावित करने के लिए लाया जा रहा था। वहीं भाजपा उम्मीदवार बणार्ली दास ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे टीएमसी की साजिश बताया है।
चुनाव के दौरान इस तरह की घटनाओं को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस और चुनाव आयोग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर रोक लगाई जा सके। मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में इससे जुड़े और तथ्य सामने आने की संभावना है।

### मप्र लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष ने एमपीपीएससी के कमांड कंट्रोल रूम का किया शुभारंभ

**इंदौर :** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग परिसर इंदौर में शुक्रवार को एमपीपीएससी कमांड कंट्रोल रूम का शुभारंभ हुआ। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश लाल मेहरा ने फीता काटकर एमपीपीएससी कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की सचिव शीतला पटले, उप सचिव कीर्ति खुरासिया, आयोग के सदस्य नरेन्द्र कोष्ठी, डॉ. पिंकेश लता रघुवंशी, परीक्षा नियंत्रक वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, ओएसडी डॉ. रविन्द्र पंचभई, निधि राजपूत, एनआईसी के निदेशक शैलेन्द्र नाहर और इनोवेटिव इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट दीपक द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश लाल मेहरा ने एमपीपीएससी कमांड कंट्रोल रूम का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। कार्यक्रम में बताया गया कि उक्त कंट्रोल रूम के बन जाने से आयोग द्वारा आगामी सभी भर्ती प्रक्रियाओं को मजबूती मिलेगी और कदाचरण की समस्याओं को आसानी से दूर किया जा सकेगा।

न्यूज IN ब्रीफ

## विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन



**चतरा :** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन कार्यालय से एक जागरूकता रैली निकाली गई, जो शहर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण करते हुए लोगों को मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक करती रही।रैली में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ सहिया स्वास्थ्य विभाग के एमपीडब्लू , एमटीएस एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की अहम भूमिका रही। सभी ने मिलकर लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचने,साफ-सफाई रखने, पानी जमा न होने देने तथा मच्छरदानी के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए।इस दौरान प्रखंड स्तर से लेकर शहरी क्षेत्रों तक अलग-अलग स्थानों पर भी जागरूकता रैलियां निकाली गईं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की कि वे मलेरिया के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं और समय पर इलाज लें।कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को मलेरिया के प्रति सतर्क करना और इसके रोकथाम के लिए सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

## दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग को लेकर किया गया स्थल निरीक्षण



**चतरा :** झारखंड प्रांत के दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन इस वर्ष चतरा जिला स्थित रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर में आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारी के सिलसिले में प्रांत स्तर के पदाधिकारियों का चतरा प्रवास हुआ, जिसमें स्थल निरीक्षण एवं प्रशिक्षण वर्ग की विस्तृत योजना तैयार की गई। प्रवास के दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका कीर्ति गौरव तथा मातृशक्ति सह प्रमुख अणिमा पाण्डेय ने आयोजन स्थल का गहन निरीक्षण किया। सभी पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बैठक आयोजित की, जिसमें प्रशिक्षण वर्ग के प्रत्येक पहलू पर विस्तार से चर्चा की गई।
इस अवसर पर मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के चतरा जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर साव, विहिप जिला मंत्री सुधीर कुमार, बजरंगदल जिला संयोजक अंकित पाण्डेय,सह संयोजक ठाकुर राकेश रंजन एवं दुर्गा वाहिनी नगर संयोजिका बहन अंजली कुमारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने स्थानीय स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए आयोजन को सफल बनाने हेतु अपने सुझाव दिए।बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रशिक्षण वर्ग को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए आवास, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा एवं प्रशिक्षण सत्रों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस वर्ग में झारखंड प्रांत के सभी जिलों से लगभग 200 बहनों के भाग लेने की संभावना है।प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य बहनों को शारीरिक, मानसिक एवं वैचारिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे समाज में सकारात्मक नेतृत्व की भूमिका निभा सकें। वर्ग में आत्मरक्षा प्रशिक्षण, संगठनात्मक कार्यशैली, सांस्कृतिक शिक्षा एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।प्रांत पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण वर्ग बहनों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ संगठन को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

## सड़क हादसा में एक की मौत

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ी खास के पास फोरलेन सड़क पर सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बाइक और स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार आकाश पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक आकाश पांडेय, भाजपा नेता सह सांसद के करीबी ईश्वरी पांडेय के पुत्र थे। वह रेहला स्थित ग्रासीम में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे घटना में स्कॉर्पियो भी क्षतिग्रस्त हो गई है। हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## रेड़मा में महिला का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा स्थित भगवती हॉस्पिटल के पीछे शनिवार सुबह एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव देख स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना शहर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर महिला की पहचान और मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ-साथ घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, जबकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## जमशेदपुर बोधि सोसायटी में 2570 वीं बुद्ध जयंती 1 मई को

**जमशेदपुर :** बोधी सोसायटी जमशेदपुर के तत्वावधान में आगामी 1 मई को 2570वीं बुद्ध जयंती का आयोजन सोसायटी प्रांगण में किया जाएगा। सोसायटी के अध्यक्ष आलोक रंजन बरुआ ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड राज्य का बुद्ध मुख्यालय जमशेदपुर स्थित बोधी सोसायटी है। कार्यक्रमों की शुरूआत 26 अप्रैल, रविवार से चित्रांकन प्रतियोगिता के माध्यम से होगी। जमशेदपुर के बिभिन्न स्कूलों से लगभग 500 विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता सुबह 8 बजे सोसायटी प्रांगण में आयोजित की जाएगी, जिसका विषय ह्लयुद्ध नहीं, शांतिह्व तथा बच्चों के लिए गौतम बुद्ध का चित्र होगा। 1 मई को बुद्ध जयंती के दिन सुबह 6 बजे विश्व शांति प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।


# सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में ओआरएस और पेयजल व्यवस्था करे सुनिश्चित : उपायुक्त

संवाददाता

**देवघर :** जिले में बढ़ते तापमान व हीट वेव को देखते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि हीट वेव गंभीर आपदा के रूप में सामने आ सकता है। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें।
इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री सिंह ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और सदर अस्पताल में ओआरएस, जीवनरक्षक दवाएं, पर्याप्त बेड व एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। साथ सभी प्रखंडो के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को हीट स्ट्रोक के मरीजों के इलाज के लिए विशेष तैयारी रखने व चिकित्सा कर्मियों को अलर्ट मोड में रखने को कहा गया। इसके अतिरिक्त अत्यधिक गर्मी से पीड़ित व्यक्तियों के इलाज के लिए आवश्यकतानुसार अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड तत्काल तैयार रखने का निर्देश दिया गया।

**प्रचार प्रसार के साथ आमजनों को करे जागरूक**

उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क कार्यालय को व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही चौक-चौराहों, बस स्टैंड, बाजार एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर फ्लैक्स, बैनर व होर्डिंग्स के माध्यम से हीट वेव से बचाव के उपायों का प्रचार-प्रसार एवं सोशल मीडिया व स्थानीय मीडिया के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। आगे उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत सचिवालयों व सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। साथ ही देवघर नगर निगम व नगर परिषद क्षेत्रों में भी सभी वार्डों में इसी प्रकार की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी सरकारी कार्यालयों और



थानों में भी आमजनों और कर्मियों के लिए पेयजल व राहत सामग्री की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो।

**पेयजल आपूर्ति व चापाकलों की मरम्मत पर जोर**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को जिले में खराब पड़े चापाकलों व जल मीनार की मरम्मत के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया। चालू चापाकलों की नियमित जांच कर उन्हें सुचारू रूप से चालू रखने को कहा गया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट उत्पन्न नहीं हो। आगे उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों व महिलाओं के लिए ओआरएस, मध्याहन भोजन व स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी स्कूलों में पेयजल के साथ ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कुपोषित व कमजोर वर्गों के लिए विशेष निगरानी रखने पर जोर दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पंचयात सचिव और मुखिया को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया, ताकि पंचयात स्तर पर पेयजलापूर्ति से जुड़ी समस्या न हो। साथ ही सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए आगजनी की घटना को लेकर विशेष सतर्कता बरते, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे घटना न हो।

**उपायुक्त ने जिलावासियों से की अपील**

उपायुक्त श्री सिंह ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। खाली पेट घर से बाहर नहीं निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। हल्के व ढीले कपड़े पहनें. दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचे। धूप में निकलने की स्थिति में छाता, गमछा या टोपी का प्रयोग अवश्य करें। बच्चों, बुजुर्गों व बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें।
बैठक में उप विकास आयुक्त पियूष सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार, सिविल सर्जन डॉ0 रमेश कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल देवघर व मधुपुर, सभी प्रखण्डों के एमओआईसी के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।


# भोजपुर के वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव में ओरिगामी कला का अद्भुत प्रदर्शन, 600 वर्ग फीट में सजी भव्य कलाकृति



संवाददाता

**आरा :** भोजपुर के आरा स्थित वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आयोजित वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह के दौरान कला और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्रीमती अनुप्रिया के मार्गदर्शन में एक भव्य ओरिगामी कलाकृति प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।
करीब 600 वर्ग फीट क्षेत्र में तैयार की गई इस विशेष कलाकृति में वीर कुंवर सिंह का व्यक्तिचित्र ओरिगामी शैली और कोलाज के मिश्रण के साथ उकेरा गया। कागज के छोटे-बड़े टुकड़ों को छाया और प्रकाश के अद्भुत संयोजन में ढालकर तैयार की गई यह रचना अपने आप में अनोखी और आकर्षक रही।
इस कलाकृति को मूर्त रूप देने में चित्रकार राहुल कुमार, मनीष कुमार और विवेक कुमार विश्वास का विशेष योगदान रहा। तीनों कलाकारों ने अथक परिश्रम और रचनात्मक सोच के साथ इस भव्य आकृति को तैयार किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सृजनात्मकता मन और मस्तिष्क में विकसित होती है, और यह कलाकृति वीर कुंवर सिंह के साहस व बलिदान को समर्पित है।
कार्यक्रम में मौजूद भोजपुर के वरिष्ठ एवं युवा कला शिक्षकों के सामूहिक प्रयास ने इस कलाकृति को राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी विशेष बना दिया। कलाप्रेमियों और दर्शकों ने लाइव बनती इस कलाकृति को देखकर इसकी नवीनता और प्रभावशीलता की जमकर सराहना की।
इस भव्य कला प्रस्तुति ने विजयोत्सव समारोह को सांस्कृतिक ऊंचाई प्रदान की और दर्शकों को अपने ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की ओर आकर्षित किया। भोजपुर की धरती पर कला के इस अद्वितीय प्रदर्शन ने एक ऐतिहासिक पल को जन्म दिया, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

## विधायक सुखराम उरांव विवाह समारोह में हुए शामिल, नवदंपति को दिया आशीर्वाद



**चक्रधरपुरः** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सुखराम उरांव ने शनिवार को अपने करीबी साथी प्रबीर प्रताप सिंहदेव के सुपुत्र (भतीजे) कुलदीप सिंहदेव के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर नवविवाहित जोड़े को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में पहुँचने पर विधायक का परिवार के सदस्यों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री उरांव ने वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की।विधायक सुखराम उरांव ने अपने संबोधन में कहा विवाह दो आत्माओं का मिलन और एक नए सामाजिक अध्याय की शुरूआत है। मुझे खुशी है कि मैं आज अपने साथी प्रबीर जी के पारिवारिक उत्सव का हिस्सा बना हूँ। कुलदीप और उनकी जीवनसंगिनी को मेरी ओर से नए जीवन की अनंत शुभकामनाएं। ईश्वर इस जोड़ी को सदा खुशहाल रखे और इनका जीवन प्रेम व आपसी सामंजस्य से परिपूर्ण हो। इस अवसर पर प्रबीर प्रताप सिंहदेव के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और परिवार के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विधायक की उपस्थिति ने समारोह के उत्साह को और बढ़ा दिया।

# सेवा संपुष्टि पर समीक्षा,शिक्षकों की सेवा पुस्तिका अद्यतन रखने के निर्देश

संवाददाता

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षकों की सेवा संपुष्टि से संबंधित स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2023 में नियुक्त 253 टीजीटी शिक्षकों के सेवा में तीन वर्ष पूर्ण होने के उपरांत उनकी सेवा संपुष्टि के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी।उपायुक्त श्री शेखावत ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिक्षकों की सेवा पुस्तिका से जुड़े बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि सभी शिक्षकों के सेवा अभिलेखों को अद्यतन एवं त्रुटिरहित रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सेवा संपुष्टि की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं नियमसंगत होनी चाहिए, ताकि शिक्षकों को समय पर उनका वैधानिक लाभ मिल सके।बैठक में शिक्षकों की नियुक्ति, योगदान तिथि, शैक्षणिक योग्यता, सेवा अभिलेखों की सत्यता एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शाही परवीन ने 95.60% अंकों के साथ जिले में तीसरा स्थान हासिल किया

लोहरदगा : झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम में लोहरदगा जिले की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सेंट चार्ल्स हाई स्कूल, जिन्गी कुडू की छात्रा एवं नंतीलो निवासी शाही परवीन ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया और क्षेत्र का नाम रोशन किया।शाही परवीन ब्रिलियंट कोचिंग सेंटर, जीमा की छात्रा हैं, जहां शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता नजीब अंसारी भावुक और बेहद खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि शाही शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रही है और उसकी मेहनत आज रंग लाई है। ब्रिलियंट कोचिंग सेंटर के संचालक एवं शिक्षक आजाद अंसारी ने बताया कि संस्थान के लिए यह गर्व का क्षण है। शाही परवीन के साथ-साथ कोचिंग के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सफल विद्यार्थियों में शाही परवीन (95.60%), इफत कौसर (89.00%), नाजनीन परवीन (85.80%), मंतशा परवीन (83.60%), बरीरा अंजुम (79.80%), रोजी परवीन (77.60%), अतीक अमान (75.80%), शन्नू परवीन (72.60%), पूजा कुमारी (70.60%) एवं जैद अख्तर (67.20%) शामिल हैं।

## सोशल मीडिया शिकायत पर त्वरित संज्ञान

# उपायुक्त के निर्देश पर कोनी पंचायत में जांच व समाधान की कार्रवाई शुरू

### इटखोरी प्रखंड में स्थल निरीक्षण के बाद जल स्त्रोत के समुचित उपयोग की दिशा में पहल

### पेयजल पखवाड़ा के तहत किया जाएगा विकास कार्य

संवाददाता

**चतरा :** सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायत के आलोक में, जिसमें इटखोरी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनी में पेयजल संकट एवं हैंडपंप के खराब होने की बात सामने आई थी, जिला प्रशासन चतरा द्वारा मामले का त्वरित संज्ञान लिया गया। उपायुक्त रवि आनंद ने तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी, इटखोरी को स्थल जांच कर प्रतिवेदन



उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।निर्देश के अनुपालन में प्रखंड विकास पदाधिकारी, इटखोरी द्वारा ग्राम पंचायत कोनी पहुंचकर संबंधित स्थल का निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि उक्त स्थल पर वर्षभर प्राकृतिक रूप से जल का रिसाव होता है, जिसका उपयोग स्थानीय ग्रामीण नहाने-धोने एवं अन्य दैनिक कार्यों में करते हैं। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि यह जल स्त्रोत लंबे समय से विद्यमान है एवं निरंतर प्रवाहित रहता है।
प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित यह दावा कि कोनी पंचायत के ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं एवं दूषित पानी के उपयोग को विवश हैं, तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। उन्होंने बताया कि पेयजल समस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत वार्डवार सूची के अनुसार खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत का कार्य निरंतर किया जा रहा है।
स्थल निरीक्षण के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि उक्त जल स्त्रोत का समुचित प्रबंधन एवं संग्रहण कर उसे उपयोगी बनाया जाएगा, जिससे आमजनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। इस दिशा में तकनीकी रूप से स्टोरेज एवं लिफ्ट इरिगेशन प्रणाली विकसित करने की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि जिले में 24 अप्रैल से 11 मई 2026 तक पेयजल समस्या निवारण पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ऐसे सभी स्थलों की पहचान कर पेयजल संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।